@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 28 जनवरी 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 85 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)




# भारत-ईयू एफटीए का अंतिम मसौदा मंजूर

## ● रक्षा-प्रतिरक्षा साझीदारी करार पर भी हुए हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत एवं यूरोप के 27 देशों के संघ ने मंगलवार को यहां दुनिया के सबसे बड़े माने जा रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)के मसौदे पर मुहर लगायी और कैरेबियाई सागर से लेकर हिन्द-प्रशांत क्षेत्र तक वैश्विक समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से काम करने के एक व्यापक रणनीतिक एजेंडे की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर बैठक में एफटीए पर अंतिम मुहर लगायी गयी तथा समझौते के समापन संबंधी राजनीतिक दस्तावेज पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। दोनों देशों ने इसके साथ ही 13 समझौतों के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इनमें वर्ष 2030 तक संयुक्त भारत-यूरोपीय संघ व्यापक रणनीतिक एजेंडा, रक्षा एवं प्रतिरक्षा साझीदारी, मानव संसाधन के



आवागमन संबंधी सहयोग एवं उसके कानूनी ढांचे पर व्यापक करार तथा महिलाओं और युवाओं के लिए डिजिटल नवाचार और कौशल हब पर भारत-यूरोपीय संघ त्रिपक्षीय सहयोग के तहत कृषि और खाद्य प्रणालियों में महिला किसानों को सशक्त बनाने, सौर आधारित समाधान; प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और अफ्रीका में सौर आधारित सतत ऊर्जा संक्रमण पर चार परियोजनाओं को हिन्द-प्रशांत क्षेत्र और कैरिबियाई क्षेत्र में छोटे द्वीप विकासशील देशों में संयुक्त रूप से लागू करने के लिए समझौता शामिल है।

### भारत-ईयू समझौते ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश: यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा ने मंगलवार को भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता के सम्पन्न होने को दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक व्यवस्था मौलिक रूप से बदल रही है, यूरोपीय संघ और भारत रणनीतिक और भरोसेमंद साझेदार के रूप में एक साथ खड़े हैं। भारत और ईयू के बीच हैदराबाद हाउस में आयोजित 16वीं शिखर वार्ता में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा प्रेस वक्तव्य में कोस्टा ने कहा कि व्यापार एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक स्थिरता लाने वाला कारक है और आर्थिक विकास का मूलभूत स्रोत है। व्यापार समझौते नियम-आधारित आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करते हैं और साझा समृद्धि को बढ़ावा देते हैं। आज के मुक्त व्यापार समझौता का ऐतिहासिक महत्व है। यह अब तक हुए सबसे महत्वाकांक्षी समझौतों में से एक है। यह 2 अरब लोगों का एक बाज़ार बनाता है।

# शंकराचार्य के मुद्दे पर योगी के समर्थन में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर का त्यागपत्र

## ● मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में अपने पद से त्यागपत्र दे दिया : प्रशांत कुमार

**एजेंसी**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में अयोध्या के जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने नौकरी से अपना त्यागपत्र राज्यपाल के पास भेज दिया है। उन्होंने दो पन्ने के त्यागपत्र में इसकी वजह भी बताई है।



शंकराचार्य से विवाद के बाद अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में उत्तर प्रदेश के बरेली सिटी मजिस्ट्रेट पद से अलंकार अग्निहोत्री के त्यागपत्र का मामला अभी शांत नहीं हुआ। अब अयोध्या से एक अन्य अधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में त्यागपत्र देने की खबर आ गई। अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने अपना त्यागपत्र राज्यपाल को भेज दिया है।

राज्यपाल को त्यागपत्र भेजने के बाद मंगलवार को जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने पत्रकारों से कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। प्रशांत कुमार ने कहा कि शंकराचार्य ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी पर अभद्र टिप्पणी करके उनका अपमान किया है। मैं इसी प्रदेश का नमक खाता हूं और प्रदेश से ही मुझे वेतन मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, इस तरह से मैं उनका अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस घटना के बाद पिछले तीन दिन से मैं आहत था, इसलिए त्यागपत्र दिया है। उन्होंने कहा कि जब मेरा त्यागपत्र मंजूर हो जाएगा तो मैं अपने संसाधनों से सामाजिक कार्य में लग जाऊंगा। पत्नी को फोन कर हुए भावुक जीएसटी कमिश्नरअपने पद से त्यागपत्र देने वाले जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने अपनी पत्नी को फोन कर अपनी नौकरी से त्यागपत्र दिए जाने की जानकारी दी। बातचीत के दौरान वे फोन पर भावुक हो गए। उन्होंने रोते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी के समर्थन में मैंने त्यागपत्र दिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी 28 जनवरी को 'एनसीसी पीएम रैली' को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी (बुधवार) को दोपहर लगभग 3:30 बजे दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक 'एनसीसी पीएम रैली' को संबोधित करेंगे। इस वर्ष की रैली का विषय 'राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य निष्ठा युवा' है, जो भारत के युवाओं में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाता है। एनसीसी पीएम रैली, माहभर चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 का भव्य समापन होगा, जिसमें देशभर से 2,406 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस रैली में 21 विदेशी देशों के 207 युवा और अधिकारी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर, राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों, एनसीसी कैडेटों द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# ईयू से द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा समझौता करके भारत तीसरा एशियाई देश बना

## भारत और ईयू देशों के बीच और ज्यादा सहयोग बढ़ने की उम्मीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** यूरोपियन यूनियन (ईयू) और भारत ने कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा के बाद मंगलवार को यहां साझेदारी पर सहमति जताई। भविष्य के लिए तैयार क्षमताएं बनाने के लिए सप्लाई चेन बनने के बाद भारत और ईयू देशों के बीच और ज्यादा सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। इस रक्षा समझौते के साथ ही भारत ईयू के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी बनाने वाले जापान और साउथ कोरिया के साथ तीसरा एशियाई देश बन गया है।

गणतंत्र दिवस परेड की अतिथि के रूप में भारत आई यूरोपियन यूनियन (ईयू) कमीशन की उपाध्यक्ष काजा कैलास के साथ आज रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में बैठक की। दोनों नेताओं ने बैठक के दौरान कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और ईयू लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन के सिद्धांत को मानते हैं, जो लगातार गहरी होती साझेदारी का आधार हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन्हीं मूल्यों को वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि



के लिए व्यावहारिक सहयोग में बदलना चाहता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस डील पर साइन होने को एक 'बड़ा कदम' बताया, जो दोनों ताकतों के बीच रिश्तों को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी तेजी से बदलते और मुश्किल होते ग्लोबल माहौल में आगे बढ़ने के लिए बनाई गई है। इससे इंडो-पैसिफिक रीजन में ईयू के लिए भारत की स्थिति मुख्य रणनीतिक स्तंभ के तौर पर और मजबूत होगी। रक्षा मंत्री ने कैलास के साथ मुलाकात के बाद कहा कि भारत और ईयू देशों के रक्षा उद्योगों को दुनिया की भलाई के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कैलास ने कहा कि दोनों पक्षों को हिंद महासागर क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए और संयुक्त एक्सरसाइज के जरिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखना चाहिए। इस समझौते में आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों और उभरते डिफेंस डोमेन पर फोकस किया गया है, जिसमें खास तौर पर मैरीटाइम सिक्योरिटी: सुरक्षित और खुले समुद्री रास्ते पक्का करना, साइबर सिक्योरिटी: डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा करना और काउंटर-टेररिज्म: ग्लोबल आतंकी खतरों से निपटने के लिए मिलकर कोशिश करना शामिल है। यह समझौता इंडिया-ईयू के रिश्तों में एक बड़ा बदलाव दिखाता है। पारंपरिक खरीद-आधारित रिश्ते के बजाय ईयू अब भारत को तकनीक और डिफेंस सेक्टर में संभावित आपूर्तिकर्ता और सह-विकास भागीदार के तौर पर देखता है। रक्षा मंत्री ने जोर दिया कि यह भागीदारी लोकतंत्र, बहुलवाद, संघवाद और कानून के शासन के साझा मूल्य पर आधारित है। इसका मकसद वैश्विक सुरक्षा और समावेशी विकास के लिए इन आदर्शों के लिए व्यावहारिक सहयोग में बदलना है। यह समझौता 2025 तक ईयू देशों के साथ मजबूत हुए रिश्तों का नतीजा है।

# रोजगार घटा, असमानता बढ़ी और जीडीपी आंकड़े अविश्वसनीय : कांग्रेस

## ● देश में असमानता बढ़ रही है : अध्यक्ष प्रो. राजीव गौड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश में असमानता बढ़ने, एफडीआई नकारात्मक होने, एशिया में पिछले एक साल में रुपए के सबसे कमजोर प्रदर्शन के साथ केंद्र सरकार पर जीडीपी के आंकड़े बढ़ा-चढ़ा कर बताने का आरोप लगाया। कांग्रेस के पूर्व सांसद और एआईसीसी रिसर्च विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव गौड़ा ने मंगलवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'रियल स्टेट ऑफ द इकोनॉमी 2026' जारी करते हुए केंद्र सरकार पर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को चमकदार बताती है लेकिन हकीकत यह है कि नौकरियां घट रही हैं, असमानता बढ़ रही है और आम लोगों की हालत खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा



कि रिपोर्ट में बताया गया कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में रोजगार का हिस्सा घटा है, जबकि कृषि पर निर्भरता बढ़ी है। रोजगार वृद्धि मुख्यतः कम वेतन वाली, गिग अर्थव्यवस्था और अनौपचारिक क्षेत्र में हो रही है, जहां कर्मचारियों को न तो कॉन्ट्रैक्ट मिलता है और न ही सामाजिक सुरक्षा।

उन्होंने कहा कि देश में असमानता बढ़ रही है। शीर्ष 10 फीसदी लोग राष्ट्रीय आय और संपत्ति का अधिकांश हिस्सा अपने पास रखते हैं, जबकि आधी आबादी को बेहद कम हिस्सा मिलता है। पांच में से चार भारतीय 200 रुपये प्रतिदिन से कम पर गुजारा करते हैं। उन्होंने सरकार के आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आईएमएफ ने इन्हें सी ग्रेड दिया है। भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने हिसाब लगाया कि सरकार द्वारा जारी जीडीपी आंकड़े वास्तविकता से कम से कम 2.5 फीसदी अधिक हैं। गौड़ा ने कहा कि रुपये का प्रदर्शन एशिया में सबसे कमजोर रहा है, नेट एफडीआई नकारात्मक हो गया है और हर साल हजारों करोड़पति देश छोड़ कर विदेश में निवेश कर रहे हैं।

# सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार, बजट पास करना भी जरूरी: किरेन रिजिजू

**देश का क्रॉनिकल्स**

**नई दिल्ली ।** संसद के बुधवार से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले मंगलवार को बुलाई गयी सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष को सभी मुद्दों पर चर्चा कराने का आश्वासन दिया। साथ ही यह भी कहा कि यह बजट सत्र है और देश चलाने के लिए बजट पास करना भी अनिवार्य है। संसद भवन के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से कहा, संसदीय लोकतंत्र में सभी सांसदों का कर्तव्य है कि वे जनता की बात रखें और साथ ही एक-दूसरे की बात भी सुनें। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह बजट सत्र है और देश चलाने के लिए बजट पास करना अनिवार्य है।

रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और



**'संसद की गरिमा बनाए रखने और विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा की आवश्यकता पर जोर दिया।'**

बजट चर्चा के दौरान सदस्य विभिन्न विषय उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कभी नियमों और संविधान की अनदेखी नहीं की और संसद का संचालन पूरी तरह संविधान के अनुरूप ही होता है।

यूजीसी के नए दिशानिर्देशों को लेकर विपक्ष द्वारा मुद्दा उठाए जाने के सवाल पर रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी एक विषय तक सीमित नहीं रहना चाहती, लेकिन बजट सत्र का मुख्य फोकस बजट पर चर्चा और उसे पारित करना ही रहेगा। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने भी अपनी-अपनी मांगें और मुद्दे सामने रखे। बैठक के बाद द्रविण मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसद टीआर बालू ने कहा, हमने सर्वदलीय बैठक में तमिलनाडु के मछुआरों के मुद्दे, होसुर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को मंजूरी न मिलना, कच्चाथीवू को वापस लेने, अमेरिका के टैरिफ, मदुरै और कोयंबटूर मेट्रो प्रोजेक्ट जैसे मुद्दे उठाए। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के संसदीय दल के नेता लवु श्रीकृष्ण देवरायलु ने आंध्र प्रदेश से जुड़े अमरावती राजधानी विधेयक का मुद्दा उठाते हुए न्याय की मांग की। उन्होंने जल जीवन मिशन की राशि के उपयोग और रायलसीमा को बागवानी हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने कहा कि पार्टी ने सरकार से जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने केरल में रेलवे परियोजनाओं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना और कुछ योजनाओं को वापस लेने की मांग रखी।

# बैंगलुरु में कांग्रेस का 'लोक भवन चलो' मार्च,

## सीएम सिद्धारमैया गरजे- संवैधानिक अधिकार छीन रही केंद्र सरकार

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस का विरोध वीबी जी राम जी विधेयक के माध्यम से एमजीएनआरईजीए को निरस्त करने के विरोध में था। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कदम संवैधानिक अधिकारों का हनन करता है और केंद्र सरकार के हाथों में सत्ता का केंद्रीकरण करता है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने आज बेंगलुरु में केंद्र के वीबी जी राम जी अधिनियम के खिलाफ राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने %लोक भवन चलो% विरोध प्रदर्शन के लिए बसों से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए लोक भवन तक का सफर तय किया।



सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी ने मांग की है कि इस कानून को रद्द किया जाए और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को बहाल किया जाए। राजभवन में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि विरोध प्रदर्शन में राज्य भर से हजारों लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अदालत के आदेश का पालन करते हुए रैली नहीं निकाली और इसके बजाय बसों से राजभवन पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज, केपीसीसी की ओर से, हमने राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इस प्रदर्शन में हजारों लोगों ने भाग लिया। चूंकि अदालत का आदेश है, इसलिए हमने विरोध रैली नहीं निकाली और दो बसों से राजभवन आए।

सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन वीबी जी राम जी विधेयक के माध्यम से एमजीएनआरईजीए को निरस्त करने के विरोध में किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कदम संवैधानिक अधिकारों का हनन करता है और सत्ता को केंद्र सरकार के हाथों में केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि कारण यह है कि वीबी जी राम जी विधेयक के जरिए एमजीएनआरईजीए को निरस्त कर दिया गया है। वे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों को छीन रहे हैं। अब, इस वीबी जी राम जी विधेयक के साथ, केंद्र सरकार ही सब कुछ तय करेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कांग्रेस आने वाले दिनों में पूरे कर्नाटक में अपना आंदोलन तेज करेगी। उन्होंने कहा, ÷हम पूरे राज्य में अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्हें इस वीबी जी राम जी विधेयक को निरस्त करके एमजीएनआरईजीए को वापस लाना चाहिए। तब तक, हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे।÷ उन्होंने आगे कहा कि पार्टी जन समर्थन जुटाने के लिए राज्य के कई हिस्सों में पदयात्रा करेगी। उन्होंने कहा कि हम राज्य के कई स्थानों पर पदयात्रा करेंगे। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि कर्नाटक की सभी ग्राम पंचायतों का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा जाएगा।

# झारखंड नगर निकाय चुनाव : मतदान 23 फरवरी को, 27 को आएंगे परिणाम

**-चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू**



रांची (एजेंसी)। झारखंड में लंबे समय से प्रतीक्षित नगर निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने रांची में कहा कि राज्य की सभी नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर परिषदों के लिए एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक 23 फरवरी को नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होगा और चुनाव के नतीजे 27 फरवरी को आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव, 9 जनवरी को जारी की गई आरक्षण सूची के आधार पर ही होंगे। इस बार रांची नगर निगम का मेयर पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वहीं, धनबाद और चास नगर निगम के मेयर पद को सामान्य श्रेणी के लिए रखा गया है। इसके साथ ही राज्य की 20 नगर परिषदों में अध्यक्ष पदों के लिए एससी, एसटी, ओबीसी और अनारक्षित श्रेणियों के साथ-साथ महिला आरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा गया है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक गिरिडीह, गढ़वा, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जैसे जिलों की कई नगर पंचायतों में अध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया है। वहीं, खूंटी, लातेहार, गोड्डा और रांची जैसे आदिवासी बहुल इलाकों में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

## पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक घायल दूसरा पकड़ाया, गोकशी में हैं शामिल

बुलंदशहर (एजेंसी)। यूपी के बुलंदशहर के खुर्जा नगर क्षेत्र में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनमें एक बदमाश घायल था। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना पहासू रोड पर झमका के पास उस समय हुई, जब थाना खुर्जा नगर की पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध युवकों को रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस ने अभियान चलाया और थोड़ी देर बाद दूसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस पूछताछ में दोनों बदमाशों ने कबूल किया कि वे गोकशी की घटनाओं में शामिल हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि दो दिन पहले खुर्जा नगर क्षेत्र में गौवंश के अवशेष मिलने की जो घटना सामने आई थी, उसे भी इन्हीं लोगों ने अंजाम दिया था। इस मामले में पहले से ही थाना खुर्जा नगर में मुकदमा दर्ज है। खुर्जा सीओ ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात चेकिंग के दौरान यह मुठभेड़ हुई थी। पुलिस ने एक बदमाश का नाम नदीम और दूसरे का हुजैफा बताया है। पुलिस आगे जांच कर रही है।

## देवी-देवताओं पर टिप्पणी को लेकर विवाद, दबंगों ने मां-बेटे का जुलूस निकाल पूरे गांव में घुमाया

हापुड़ (एजेंसी)। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में दबंगों ने मां बेटे का गांव में जुलूस निकालने का वीडियो वायरल हो गया है। जानकारी के मुताबिक अनुसूचित जाति का युवक देवी-देवताओं पर टिप्पणी कर रहा था। इसी बात से नाराज जाट समाज के युवकों ने राम मंदिर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ पर गांव के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जाति को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी। इस बात से नाराज अनुसूचित जाति के लोगों ने मां-बेटे को पंचायत में बुलाया और वहां से पूरे गांव में हाथ जोड़कर जुलूस के रूप में घुमाया। दबंग लोगों का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। इस मामले में कुछ लोग दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गांव में एकत्र हो गए। वहीं, पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## गंगोत्री धाम में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर बैन, मदनी ने फैसले को अंसवैधानिक बताया

सहारनपुर (एजेंसी)। उत्तराखंड में गंगोत्री धाम में गैर हिदुओं के प्रवेश पर बैन लगा दिया गया है। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में भी इस दिशा में कदम उठाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इस पूरे मामले पर जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस फैसले को अंसवैधानिक करार दिया है। मदनी ने कहा कि उन्हें लगता है कि देश उनका है और वे जनता को किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं, लेकिन समय बदल गया है। यह अच्छी बात है कि लोग प्यार और भाईचारे से रहें और जमीयत उलेमा-ए-हिंद यही सिखाता है। यह सिर्फ केदारनाथ में नहीं है। असम में पूरी कॉलोनियों को तोड़ा जा रहा है और लाखों मुसलमानों को बांग्लादेशी बताया जा रहा है। सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भी इस मुद्दे पर सरकार का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इन्?होंने अजीब स्थिति बना दी है। अगर आप देश के नागरिक हैं तो अपनी नागरिकता साबित करें। क्या सरकार कुछ साबित नहीं करेगी। अब इन्होंने हिंदुओं पर भी सवाल उठाना शुरू कर दिया है। पूछ रहे हैं कि वे हिंदू हैं या नहीं। कोई कैसे साबित करेगा कि वह हिंदू है या नहीं।

## घरेलू नौकरानी का रेप करने के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। एक अभिनेता द्वारा शादी का वादा करके 10 साल तक अपनी घरेलू नौकरानी का रेप करने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि 41 साल की एक महिला की शिकायत के आधार पर, हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर में दिखे नदीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और वह फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। शिकायत के अनुसार, महिला ने अलग-अलग अभिनेताओं के यहां घरेलू नौकरानी के तौर पर काम किया था और सालों पहले खान के संपर्क में आई थी, और वे करीब आ गए थे। महिला ने आरोप लगाया कि खान ने उससे शादी करने का वादा किया था, और उसी भरोसे पर, उसने 10 साल की अवधि में मलाड के मालवणी में उसके घर और पश्चिमी उपनगरों में वर्सोवा में अपने घर पर कई बार उसका रेप किया। हालांकि, बाद में उसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया जिसके बाद महिला ने वर्सोवा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## कोलकाता के दो गोदामों में भीषण आग, 8 लोग जिंदा जले, आग बुझाने में लगे 7 घंटे

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सोमवार को दो गोदामों में भीषण आग में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा कोलकाता के नजीराबाद इलाके में हुआ। पुलिस के मुताबिक नजीराबाद में स्थित दो गोदाम, जो एक-दूसरे के बिल्कुल पास में ही थे, अचानक आग की लपटों में घिर गए। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए सात घंटे लगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान करीब पांच बजे घटनास्थल से तीन शव बरामद किए गए और बाद में पांच अन्य शवों को ढूंढ निकाला गया। बारुईपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव बुरी तरह झुलसने के कारण अभी मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि मलबा पूरी तरह से साफ होने के बाद ही पता चल पाएगा कि घटना स्थल पर कोई और शव तो नहीं है या मलबे में कोई व्यक्ति फंसा तो नहीं है। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में छह लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी लेकिन फंसे हुए लोगों के परिवारों के मुताबिक यह संख्या 10 से ज्यादा हो सकती है क्योंकि पास के गोदामों में साज सज्जा का काम करने वाली एक कंपनी और मोमो बेचने वाली एक कंपनी के मजदूर काम करते थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। बोस ने दो इकाइयों के प्रबंधन द्वारा अपनाए जा रहे अग्नि सुरक्षा नियमों के बारे में कहा कि वर्ष में दो बार अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाता है और हर खामी को दूर किया जाता है, फिर भी मालिकों व कंपनी के अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें। जैसे ही शाम ढलने लगी, मृतकों और लापता व्यक्तियों के कई रिश्तेदार घटनास्थल पर जमा हो गए और अग्निशमन सेवा एवं पुलिस अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेने लगे।

## हिमाचल में जमकर हुई बर्फबारी, मनाली में सैकड़ों पर्यटक फंसे, रास्तों पर लग गया लंबा जाम

**मनाली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में 23 जनवरी से जारी भारी बर्फबारी ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। मनाली और इसके आसपास के क्षेत्रों में कुदरत के सफेद कहर की वजह से सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे सैकड़ों पर्यटक बीच रास्ते में फंस गए हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह मनाली के सोलंगनाला में एक बार फिर बर्फबारी शुरू हो गई है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है।

सड़कों पर जमी बर्फ की मोटी चादर के कारण नेशनल हाईवे-3 पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने सोमवार को सोलंगनाला तक सड़क साफ करने का काम किया, लेकिन वर्तमान में वहां केवल छोटे और हल्के वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी गई है। बसों का संचालन अभी भी बाधित है और वे मनाली से करीब 16 किलोमीटर दूर पतलीकुहल तक ही जा पा रही हैं। रविवार की तुलना में स्थिति में मामूली सुधार जरूर हुआ है, लेकिन पर्यटकों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। पिछले दिनों मनाली में 15 किलोमीटर लंबा भारी ट्रैफिक जाम देखा गया, जहां पर्यटकों को कड़कड़ाती ठंड में अपना सामान उठाकर पैदल चलते हुए देखा गया।

जिला प्रशासन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्य सड़कें बंद होने के कारण पर्यटक अपने होटलों तक ही सीमित हैं। सड़कों से बर्फ हटाने का काम युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह बहाल करने में अभी कुछ समय और लग सकता है। फिसलन भरी सड़कों को देखते हुए पतलीकुहल से मनाली की ओर केवल चार पहिया वाहनों को ही जाने दिया जा रहा है। मौसम विभाग ने 27 जनवरी के लिए भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिससे पतलीकुहल-मनाली और मणिकरण-भुंतर मार्ग के पूरी तरह बंद होने का खतरा बढ़ गया है। पुलिस और प्रशासन ने पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे मौसम साफ होने तक ऊंचे इलाकों, नदियों, नालों और हिमस्खलन की संभावना वाले क्षेत्रों की ओर न जाएं। कुल्लू पुलिस के अनुसार, यदि मौसम और बिगड़ता है तो केवल 4गुणा4 वाहनों को ही आगे बढ़ने की अनुमति होगी। यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों, जैसे राइट बैंक मार्ग, का उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। खराब मौसम और तूफान की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सभी से सतर्क रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने का आग्रह किया है।

# 2000 के नोटों से भरे दो ट्रक की लूट ने लिया सियासी रंग, कांग्रेस-बीजेपी आमने-सामने

**-प्रियांक खड़गे ने नकदी की इस आवाजाही को गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा से जोड़ा**

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक और महाराष्ट्र की सीमा पर 2000 के नोटों के 400 करोड़ रुपए की लूट ने सियासी रंग ले लिया है। कर्नाटक की सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी बीजेपी ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा। पिछले साल 22 अक्टूबर को चोरला घाट पर हुई इस लूट का मामला कुछ समय पहले तब सामने आया था, जब पीड़ित संदीप पाटिल ने नासिक में लूट की शिकायत दर्ज कराई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित संदीप ने बताया कि दो ट्रक में भरकर यह पैसा ले जाया जा रहा था। उसी वक्त 6 लोगों ने हथियारों के दम पर उसे लूट लिया। घटना की जानकारी सामने आते ही कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने महाराष्ट्र की बीजेपी सरकार पर सवाल उठाते हुए नकदी की इस आवाजाही को गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा से जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि यह पैसा किसका था। जांच होने दीजिए ताकि पता चल सके कि यह कांग्रेस, बीजेपी, एनसीपी या शिवसेना का है या नहीं। असल सवाल तो यह है कि बीजेपी सरकारें क्या कर रही हैं। ये तीनों सरकारें अपनी नाक के नीचे ये सारी गतिविधियां कैसे कर रही हैं?

रिपोर्ट के मुताबिक कुछ बीजेपी विधायकों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कहा कि नोटबंदी के बाद 2,000 रुपए के नोटों को काले धन से सफेद धन में बदलने के लिए तिरुपति ले जाया जा रहा था, प्रियांक खड़गे ने पूछा कि उनके पास ऐसी जानकारी कैसे है, जो सरकारों के पास भी नहीं है? उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, जहां तिरुपति स्थित है, पर किसका शासन है? केंद्र को इन सवालों का जवाब देना होगा। प्रियांक ने कहा कि पीएम के पास जेन जेड और भजन क्लबों के बारे में बोलने का समय है, लेकिन उन्हें ट्रकों में तस्करी किए जा रहे 400 करोड़ रुपए की नकदी की कोई जानकारी नहीं है। क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सो रहे हैं? 'वह कहां है?'

प्रियांक खड़गे द्वारा उठाए सवालों के बाद बीजेपी नेता चलावादी नारायणस्वामी ने कांग्रेस सरकार पर फंडिंग का स्त्रोत बनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक से पैसा सभी चुनावों के लिए भेजती है, क्योंकि कांग्रेस-शासित तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश से फंड नहीं जुटाया जा सकता।



उन्होंने सिद्धारमैया सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के तहत फरवरी और मार्च 2025 के लिए 5,000 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया है। पहले कहा गया कि भुगतान हो चुका है, बाद में उन्होंने खुद माना कि भुगतान नहीं हुआ। ऐसा सिर्फ कांग्रेस ही कर रही है। वहीं, बेलगावी के पुलिस अधिकारी ने इस मामले पर कहा कि अब तक कर्नाटक में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, क्योंकि न तो कोई शिकायत और न ही कोई ठोस सबूत सामने आए हैं। सिर्फ अफवाहों के आधार पर कार्रवाई नहीं की जा सकती। बता दें नासिक पुलिस के मुताबिक घटना में 2000 रुपए के पुराने नोटों में 400 करोड़ रुपए मौजूद थे, जिन्हें दो ट्रकों में भरकर ले जाया जा रहा था। इन्हें रास्ते में लूट लिया गया। महाराष्ट्र पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और रुपयों की दावे की जांच के लिए विशेष समिति गठित की है।

## शंकराचार्य विवाद में उमा भारती की एंट्री, बोलीं- सबूत मांगना गलत, मेरा बयान योगी के खिलाफ नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता उमा भारती ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से उनके शंकराचार्य पदवी का प्रमाण मांगना मर्यादा का उल्लंघन है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनके इस कथन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अनादर करना नहीं है। एक पोस्ट में भारती ने कहा कि इस तरह के प्रमाण मांगने का अधिकार केवल शंकराचार्य या विद्वान परिषद के पास है। उमा भारती ने एक्स पर लिखा कि मुझे विश्वास है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज एवं उत्तर प्रदेश सरकार के बीच कोई सकारात्मक समाधान निकल आएगा किंतु प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा शंकराचार्य होने का सबूत मांगना, यह प्रशासन ने अपनी मर्यादाओं एवं अधिकारों का उल्लंघन किया है, यह अधिकार तो सिर्फ शंकराचार्यों का एवं विद्वत परिषद का है। हालांकि, इसके बाद उमा भारती ने एक और एक्स पोस्ट किया।

# बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण 2029 का लोकसभा चुनाव अयोध्या से लड़ेंगे?

**-फैजाबाद से विनय कटियार ने टिकट मांगा, बृजभूषण बोले- वह इसके हकदार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने फैजाबाद से 2029 का लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया है और कहा कि सही वक्त पर आखिरी फैसला लिया जाएगा। बृजभूषण ने एक शोरूम का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या जिले की एकमात्र लोकसभा सीट फैजाबाद से पूर्व बीजेपी सांसद विनय कटियार पार्टी टिकट के हकदार हैं।

बृज भूषण ने कहा कि यहां से दावा करना कटियार का अधिकार है और इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। वह इसके पूरी तरह हकदार हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद फैजाबाद से अप्रत्याशित विजेता थे। उन्होंने बीजेपी के लल्लू सिंह को हराया था। हाल ही में अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित शक्ति प्रदर्शन में बृज भूषण ने 2029 के आम चुनावों की तैयारी का संकेत दिया था।



उनके के बेटे और कैसरगंज से मौजूदा बीजेपी सांसद करण भूषण सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि पिता-पुत्र की जोड़ी 2029 के चुनावों में मैदान में उतरेगी। सोमवार को बृज भूषण सिंह ने युवाओं और सोशल मीडिया से मिल रहे समर्थन के लिए आभार जताया और अपने बढ़ते प्रभाव का श्रेय जनता के प्यार और यकीन को दिया, जिसे उन्होंने अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने यूपी में तीन संसदीय क्षेत्रों का छह बार प्रतिनिधित्व किया है। पिछले दिनों उन पर कई महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद 2024 के आम चुनावों से पहले बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था। देश के कुछ टॉप पहलवानों, ओलंपियन विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किया और बृज भूषण पर अनुचित व्यवहार और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। पिछले साल दिल्ली कोर्ट ने नाबालिग महिला पहलवान द्वारा दायर यौन उत्पीड़न मामले में बृज भूषण को बरी कर दिया था। इस दौरान दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया था, जिसमें बृजभूषण के खिलाफ मामला रद्द करने की सिफारिश की गई थी।

# आदिवासी बस्तियों को उजाड़ने के विरोध में एकनाथ शिंदे के घर के बाहर रातभर प्रदर्शन

**-बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के घरों को उजाड़ना, मानवाधिकार का उल्लंघन**

**मुंबइ (एजेंसी)।** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्रों में सालों से रह रहे आदिवासियों और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। सोमवार को प्रशासन द्वारा आदिवासियों की बस्तियों को तोड़ने के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित घर के बाहर रातभर प्रदर्शन किया।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों का दावा है कि वे पीढ़ियों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने सोमवार को प्रशासन द्वारा उनके आवासों पर की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई की निंदा की और देर रात डिप्टी सीएम शिंदे के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जब तक 2018 की पुनर्वास योजना लागू नहीं हो जाती और प्रभावित परिवारों को फिर से बसाया नहीं जाता, तब तक तोड़फोड़ नहीं होनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले संगठन के एक पदाधिकारी के मुताबिक पुनर्वास योजना पर चर्चा का आश्वासन मिलने के बाद आदिवासियों ने अपना आंदोलन खत्म कर दिया। संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाली आदिवासी बस्तियों पर सोमवार को प्रशासन ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की। कार्रवाई से नाराज आदिवासियों का कहना है कि वे इन जंगलों में कई पीढ़ियों से रह रहे हैं और उनके पास यहां रहने का अधिकार है। बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनके घरों को उजाड़ना उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। राज्य आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई पर कड़े सवाल उठाए हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह में राहुल और खरगे को तीसरी पंक्ति में बिठाया, छिड़ गई सियासी जंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की एकता, गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक माना जाने वाला गणतंत्र दिवस इस बार राजनीतिक खींचतान का केंद्र बन गया। कर्तव्य पथ से लेकर राष्ट्रपति भवन तक, राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं के सम्मान व प्रोटोकॉल को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसी महाभारत छिड़ी कि उत्सव का माहौल सियासी कुरुक्षेत्र में तब्दील होता नजर आया।

विवाद की शुरुआत कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य परेड के दौरान हुई। यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, जिस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई। पार्टी ने इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन और विपक्ष के शीर्ष नेताओं का जानबूझकर किया गया अपमान करार दिया। कांग्रेस नेतृत्व ने सवाल उठाया कि क्या नेता प्रतिपक्ष के साथ ऐसा व्यवहार लोकतांत्रिक मर्यादाओं और परंपराओं के अनुरूप है? विपक्ष ने 2014 की पुरानी तस्वीरें साझा कर केंद्र सरकार को घेरा, जिसमें तत्कालीन विपक्षी नेता अग्रिम पंक्तियों में नजर आ रहे थे। कांग्रेस का आरोप है कि यह सरकार की हीन भावना को दर्शाता है। हालांकि, सत्ता पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि बैठने की व्यवस्था राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी टेबल ऑफ प्रेसीडेंस के नियमों के तहत ही की गई थी, जिसमें विभिन्न पदों के लिए वरीयता क्रम निर्धारित होता है।

गणतंत्र दिवस की शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित एट होम रिसेप्शन के दौरान विवाद और गहरा गया। इस बार कार्यक्रम की थीम पूर्वोत्तर भारत (नॉर्थ ईस्ट) पर आधारित थी। समारोह में प्रधानमंत्री और विदेशी मेहमानों सहित सभी को पारंपरिक पटका दिया गया था। विवाद तब शुरू हुआ जब राहुल गांधी उस पटके को गले में पहनने के बजाय हाथ में पकड़े नजर आए। बीजेपी ने इस मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरते हुए इसे पूर्वोत्तर की संस्कृति और राष्ट्रपति पद का अपमान बताया। सत्ता पक्ष के नेताओं का दावा है कि राष्ट्रपति द्वारा आग्रह किए जाने के बावजूद उन्होंने पटका नहीं पहना। बीजेपी का आरोप है कि विपक्ष की यह उपेक्षा भारत की सांस्कृतिक विविधता के प्रति उनके नजरिए को दर्शाती है। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे फर्जी प्रोपेगेंडा करार दिया। पार्टी नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी का पूर्वोत्तर के प्रति प्रेम और जुड़ाव जगजाहिर है। कांग्रेस सांसदों ने दावा किया कि रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज देखने पर सच्चाई साफ हो जाएगी कि राहुल गांधी ने पटका पहना था। कुल मिलाकर, इस साल का गणतंत्र दिवस समारोह केवल सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक झांकियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सत्ता और विपक्ष के बीच बढ़ती कड़वाहट का गवाह भी बना। जहां कांग्रेस इसे आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक परंपराओं का हनन बता रही है, वहीं बीजेपी इसे विपक्ष की नकारात्मक राजनीति करार दे रही है। राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर उभरे विवादों ने



यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में यह सियासी तल्खी और बढ़ सकती है।

## PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, RUBIKA ROSE D/o Harshal Rose and Ex W/o Vicky Vishal Tuck R/o 150/3, Ground Floor Sector-3 Vasundhara Ghaziabad Uttar Pradesh- 201012 declare that I got divorce from my husband vide court decree IDA No.04/2025 dated 30/01/2025, have changed the name of my minor daughter MISHEL TUCK alias MISHEL aged 9 years and she shall hereafter be known as MISHEL ROSE respectively, which may be amended accordingly

## PUBLIC NOTICE

I, hitherto known as DAKSHA W/O RASHID ALI R/O SAKKO WALI GALI, KACHCHI SARAY 1, MURADNAGAR, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201206 have changed my name and shall hereafter be known as DRAKSHA.

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री शकील अहमद, पुत्र एम.डी. छिदन, खसरा संख्या 39/19 में स्थित संपूर्ण निर्मित संपत्ति संख्या ए-238, क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, यानी 41.8 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 39/19, गली संख्या 8, न्यू लाहौर शास्त्री नगर, ग्राम सुरेजी खास, इलाका, शाहदरा, दिल्ली-110031 के क्षेत्र में, पंजीकृत जीपीए दिनांक 11.04.2022 के आधार पर, एसआरओ VIII, नई दिल्ली के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, वस्तावेज संख्या 1288, पुसतक संख्या 4, खंड संख्या 4754, पृष्ठ संख्या 14-17, दिनांक 11.04.2022, एमपीए, एटीएस और पंजीकृत के तहत दिनांक 18.04.2022 को माहम्मद इदरीश खान, स्वर्गीय श्री अजमत खान के पुत्र द्वारा निष्पादित वसीयत के अनुसार, उक संपत्ति श्री इकरार अहमद को बेची जानी है और इसका वित्तपोषण एसएनएफकी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाना है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/ स्वामित्व है या किसी प्रकार का कोई विवाद है, तो कृपया वर्तमान तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।

**Rahul Raj**, Advocate,
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No. 20, Kaushambi,
Ghaziabad-201010.
E -MAIL:sgassociatespl@gmail.com
Ph: 0120-4968888, 8130309204.

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री इशरत हुसैन, पुत्र श्री शराफत हुसैन, खसरा संख्या 160/38/39 में स्थित प्रथम मंजिल, निर्मित संपत्ति संख्या ए-27/2, क्षेत्रफल 77 वर्ग गव, ग्राम मीरपुर तुर्क, चंदू नगर, करावल नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110094 में, दिनाक 08.04.2004 के पंजीकृत जीपीए (विक्रय पत्र) और श्री मोहिंदर सिंह की पत्नी श्रीमती ब्रिज बाला द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयत के अनुसार, उक्त संपत्ति श्रीमती फरीहना को बेची जानी है और इसका वित्तपोषण एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी प्रकार का विवाद है, तो कृपया वर्तमान सूचना के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में मुझे सूचित करें।

**Rahul Raj,** Advocate,
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No. 20, Kaushambi,
Ghaziabad-201010.
E-MAIL:sgassociatespl@gmail.com
Ph: 0120-4968888, 8130309204.

## PUBLIC NOTICE

This is to inform that Smt. Km Mala Kumari has agreed to create mortgage the described property in favour of My client Aadhar Housing Finance Limited, Delhi Laxmi Nagar Branch, after execution of sale deed in her favour. Seller(s) Namely Sh. Shyamveer have agreed to sell their property "Plot No. 06, Area Measuring 65 Sq. Yds., Out of Khasra No. 668M, Situated at Village Tilapta Karanwas, Pargana and Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar" Hence any other co-sharer(s)/or any other legal heir(s) or any previous owner(s) of the above -mentioned property or any other concerned parties (including but not limited to Banks, Financial institutions, NBFCs, HFCs, Govt. Authorities or Semi-Govt. Authorities/bodies) having any claim against or in respect of the said property or any part thereof by way of sale, exchange, mortgage (equitable or deposit of title deed otherwise) gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, Sub-lease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise, how/who-soever are hereby requested to notify the same in writing to the Undersigned with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days, from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned and my client AHFL shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage on the above-mentioned property.

Dated: 27-01-2026 Advocate Ghanshyam Singh,
Place : Delhi Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप चार्ष्णय की पत्नी श्रीमती नीलम गुप्ता द्वारा निर्मित मकान संख्या जी-28, जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग गज है, खसरा संख्या 329 में स्थित है और विश्वकर्मा कॉलोनी, नई दिल्ली-110044 के राजस्व क्षेत्र में आता है, दिनांक 08.07.2024 के नोटरीकृत जीपीए, एसपीए, एटीएस और वसीयत के अनुसार, जो श्रीमती राज गुप्ता (श्री जय प्रकाश गुप्ता की पत्नी) और श्री संदीप वार्ष्णय (श्री जय प्रकाश गुप्ता के पत्र) द्वारा निष्पादित की गई है, उक्त संपत्ति श्री जमील अहमद को बेची जा रही है और इसका वित्तपोषण एसएमएफत्री इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का उक्त संपत्ति में काई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी प्रकार का विवाद है, तो कृपया वर्तमान सूचना के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित करें।

**Rahul Raj,** Advocate,
SG Associates (Law Firm)
B-01, Plot No. 20, Kaushambi,
Ghaziabad-201010.
E-MAIL:sgassociatespl@gmail.com
Ph: 0120-4968888, 8130309204.

## सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचनाः आईडी कार्ड 2543606 खो गया**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री जुबेर का ICICI बैंक लिमिटेड द्वारा जारी किया गया एक आईडी कार्ड, जिसका आईडी कार्ड नंबर 2543606 है, 21-01-2026 को गुम हो गया है। यदि किसी को यह आईडी कार्ड मिलता है, तो उनसे अनुरोध है कि वे इसे मैनेजर डेट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट ग्रुप, ICICI बैंक लिमिटेड, स्ठ टावर, रोहिणी सेक्टर-8 दिल्ली को लौटा दें। इसलिए, ICICI बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2543606 रखने वाले किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान न करें। कृपया ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपने खर्च, जोखिम और खतरे पर करेगा और ICICI बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

**एसडी**
ICICI बैंक लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

श्रीमती प्रियंका , 60 वर्ग मीटर के भूखंड के लिए मेसर्स कैन फिन होम्स लिमिटेड से ऋण मांग रही हैं। खेवट/खाता संख्या 189/188 मुस्तकिल संख्या 229 किला संख्या 12/1मिन (2-0) और मुस्तकिल संख्या 228 किला संख्या 5मिन (4-0), 6(8-0), 15(8-0), मुस्तकिल संख्या 228 किला संख्या 5मिन (4-0), मुस्तकिल संख्या 229 किला संख्या 1(8-0) और मुस्तकिल संख्या 230 किला संख्या 21(8-0) सहित कुल 7 मैदान, जिनका क्षेत्रफल 42 कनाल 0 मरला है, जो 1/840 भाग यानी 1 मरला के बराबर है, और खेवट संख्या 190/191 मुस्तकिल संख्या 229 किला संख्या 10(8-0) में शामिल है। 11(8-0), 12/1Min (4-0) कुल 3 खेत, क्षेत्रफल 20 कनाल 0 मरला, जिसका 1/400 भाग यानी 1 मरला है, सभी खेवटों का कुल क्षेत्रफल 2 मरला यानी 60 वर्ग गज है, जो वाका सिवाना मौजा फारुख नगर, तहसील फारुख नगर और जिला गुड़गांव, हरियाणा में स्थित है; जिसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा गया है; श्रीमती प्रियंका ने हमें बताया है कि पूर्व स्वामी श्रीमती मुकेश देवी ने निम्नलिखित दस्तावेज यानी दिनांक 16.06.2022 को श्रीमती मुकेश देवी के पक्ष में जारी विक्रय विलेख 838 ( विधायक संख्या 132270412600096) कहीं खो दिया है या गुम कर दिया है, जो न तो मिल रहा है और न ही खोज में आ रहा है। यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त दस्तावेजों पर कानूनी वारिसों, गिरवी, उपहार, पट्टा, उत्तराधिकार, ग्रहणाधिकार या किसी अन्य रूप से कोई दावा है या कोई आपत्ति है, तो उसे उपरोक्त दस्तावेजों के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए दिल्ली कार्यालय के पते पर लिखित रूप में इसकी सूचना देनी होगी। ऐसे दावों को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा और यदि कोई दावा है तो उसे माफ कर दिया जाएगा। ऐसा न करने पर, उक्त संपत्ति के संबंध में किसी तीसरे पक्ष के दावे/आपत्तियां/विवाद न होने की स्थिति में उपरोक्त मालिकों के साथ बिक्री लेनदेन को पूरा किया जाएगा और उसके बाद किसी भी दावे/आपत्तियां/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

**मेसर्स पास एंड एसोसिएट्स, एलएलपी**
बी-132, मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017
मोबाइल नंबर - 9991119392

## NORTHERN RAILWAY

**CORRIGENDUM**

Ref: (i) Tender Notice No.3997/2025 dated 24/12/2025.
(ii) Tender No.46255456 due on 27/02/2026.

1. In reference to above tender, the due date has been extended from 27/01/2026 to 27/02/2026.
2. In reference to above tender, the item to be procured through ICF approved vendor source under item ID: 2300129 WINDOW FOR EMU, DMU, MRVC & JAN SHATABDI COACHES with Modified Eligibility (ICF approved source) criteria.

All other terms & conditions remain unchanged.
The Corrigendum has been published on website **www.ireps.gov.in.** **289/2026**

**SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लक्ष्मी निवास पुत्रः रविन्दर कुमार पताः सी-14/7, मोहल्ला उमेश पार्क, मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने case **FIR No. 245/2021 U/s 392/411/34 IPC, थानाः पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लक्ष्मी निवास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लक्ष्मी निवास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 245/2021 U/s 392/411/34 IPC, थानाः पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लक्ष्मी निवास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05**
**रूम नं. 3, दूसरी मंजिल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/966/ED/2026 (Court Matter)**

## सार्वजनिक सूचना

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव ढंढूर में फर्नीचर फैक्ट्री में हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ये पांचों फैक्ट्री में लोहे की बाल्टी में आग जलाकर कमरा बंद करके सोये थे कि दम घुटने से यह हादसा हो गया। उनका साथी कमरे में आया तो ये पांचों उसे बेसुध मिले। हादसे की सूचना मिलते ही पांचों को जिले के नागरिक अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में एक युवक की दो माह पहले ही शादी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत नागरिक अस्पताल व ढंढूर गांव पहुंची और जांच शुरू की। तीनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। बताया जा रहा है कि ढंडूर गांव स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के रहने वाले अनुज, अमरजीत, शिवा, संजय और अंबेडकर नगर निवासी साहिल पांच दिन पहले ही काम करने आए थे। गणतंत्र दिवस की छुट्टी होने के कारण फैक्ट्री में कोई काम नहीं था, इसलिए पांचों कमरे में सोए हुए थे। तक तक जब कमरे से कोई हलचल नहीं हुई और बाहर की लाइट भी जलती रही तो पास के क्वार्टर में रहने वाले मौत हो चुकी थी, जबकि शिवा और संजय की सांसें चल रही थीं। इसके बाद तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस भी मौके



फैक्ट्री कर्मी आशुतोष को शक हुआ। आशुतोष ने आसपास के अन्य कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद कमरे की ऊपर बनी कांच की खिड़की से झांक कर देखा गया, जहां पांचों लोग बेसुध हालत में पड़े मिले। कर्मचारियों ने खिड़की का शीशा तोड़ा और अंदर पानी डाला। अनुज, साहिल और अमरजीत की पर पहुंची और सभी पांचों को हिसार के सिविल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। आशुतोष ने बताया कि जब वे लोग शीशा तोड़कर अंदर गए तो एक लोहे की बाल्टी में आग जली हुई थी।

# शहीदों के सपनों को साकार करने लिए प्रत्येक प्रदेशवासी को देना होगा योगदान : श्रुति चौधरी

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर भारत ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने का गौरव प्राप्त किया। आज से 77 वर्ष पहले 26 जनवरी 1950 को भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और विशेष संविधान अपनाया। गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लम्बी गौरव गाथा जुड़ी है। इसलिए इस हमें उन महापुरुषों को याद करना चाहिए, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन महान सपूतों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हरियाणा की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी जिला पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। इससे पहले हरियाणा की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने गोहाना रोड स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंट कर शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन के प्रांगण में झंडा फहराया और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों की हौंसलाफजाई भी की। कार्यक्रम के दौरान सभी मेहमानों ने कार्यक्रम में शिरकत करने वाली सांस्कृतिक टीमों, परेड की टुकडियों सहित अन्य प्रतिभागियों के साथ सामुहिक चित्र भी करवाया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि जिस प्रकारए परिवार पहचान पत्र के डेटा से विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिल रहा है, उसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल बना कर किसान कल्याण की अनेक योजनाओं को इससे जोड़ा गया है। आज खेल जगत में हरियाणा का बडा नाम है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 6,000 डॉलर पार जाने की संभावना

**- केंद्रीय बैंकों की भारी खरीद ने सोने की कीमतों को दिया बढ़ावा**

**नई दिल्ली ।**

सोने की कीमतें सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में इतिहास रचते हुए 5,000 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गईं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में यह 6,000 डॉलर तक जा सकती हैं। वै श्विक बाजार के विश्लेषकों ने 2026 के अंत तक सोने की कीमत 5,400 डॉलर होने का अनुमान लगाया है। उनका मानना है कि अनिश्चितता के कारण सोना और ऊंचाइयों तक जा सकता है। जंग, राजनीतिक खींचतान और आर्थिक अस्थिरता ने निवेशकों को शेयर बाजार से दूर कर दिया है। अमेरिका और नाटो के बीच तनाव, व्यापार शुल्क को लेकर असमंजस और अमेरिकी मध्यावधि चुनाव जैसी घटनाओं ने बाजार की बेचैनी बढ़ा दी है। इस माहौल में सोना निवेशकों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन गया है। केंद्रीय बैंकों की भारी खरीद ने सोने की कीमतों को बढ़ावा दिया है। विश्लेषकों के अनुसार उभरते देश हर महीने औसतन 60 टन सोना खरीद रहे हैं। पोलैंड अपने भंडार को 700 टन तक बढ़ाने की योजना में है, जबकि चीन लगातार 14 महीने से सोना खरीद रहा है। देशों का रुझान डॉलर से दूरी बनाकर सोने की ओर बढ़ रहा है। सोने से जुड़े ईटीएफ में भी भारी निवेश देखा गया। 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 89 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश हुआ। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने सोने की चमक और बढ़ा दी है। भारत और यूरोप में लोग छोटी ईंटें और सिक्के खरीदने में सक्रिय हैं, जबकि गहनों की मांग थोड़ी कम हुई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सोने की थोड़ी गिरावट भी निवेशकों के लिए अवसर साबित होगी। फिलहाल वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता दूर नजर आती है, इसलिए सोना सुरक्षित निवेश और भरोसेमंद संपत्ति के रूप में अपनी चमक बनाए हुए है।

## बजट में रिसाइक्लिंग इंडस्ट्री की मांग: जीएसटी कम होगा तभी उद्योग बढ़ेगा

**नई दिल्ली ।** मटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने जयपुर में आयोजित तीन दिन के इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइक्लिंग कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपोजिशन 2026 में केंद्रीय बजट में बदलाव की मांग की। एसोसिएशन के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि स्क्रैप पर 18 फीसदी उद्योग की ग्रोथ रोक रहा है और बहुत सारी गतिविधिया अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर में जा रही हैं। मेहता ने कहा कि हाई टैक्स की वजह से कैश में ट्रांजेक्शन बढ़ रहे हैं, जिससे स्क्रैप कलेक्शन का पहला स्तर ही फॉर्मल नहीं बन पा रहा। उन्होंने मांग की कि जीएसटी को 5 फीसदी तक घटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने डिजिटल पेमेंट्स, जैसे यूपीआई, को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर को फॉर्मल इकोनॉमी में लाया जा सके। एमआरएआई ने अल्यूमिनियम स्क्रैप पर इंपोर्ट ड्यूटी पूरी तरह हटाने की अपील की। इसके अलावा ई-वेस्ट, प्लास्टिक और टायर सेक्टर्स में एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) नियमों को सख्ती से लागू करने की भी मांग की गई। उन्होंने बताया कि देश में स्क्रैप का लगभग एक तिहाई हिस्सा रगपिकर्स, घरों और छोटे वर्कशॉप्स से आता है।

## सोना 1.59 लाख और चांदी के भाव 3.59 लाख के पार

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी रिकॉर्ड तेजी के बाद नरमी देखी गई**

**नई दिल्ली ।**



सोने और चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार में दोनों कीमती धातुएं ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार करते नजर आए, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीते सत्र में नया उच्च स्तर बनाने के बाद आज इनमें हल्की नरमी देखी गई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट मजबूत शुरुआत के साथ 2,637 रुपये की तेजी लेकर 1,58,674 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,56,037 रुपये था। इस समय सोने का वायदा भाव 2,447 रुपये की तेजी के साथ 1,58,484 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कारोबारी सत्र के दौरान सोने ने 1,59,820 रुपये का उच्च स्तर छू लिया, जबकि दिन का निचला स्तर 1,57,500 रुपये रहा। चांदी के वायदा भाव में भी जोरदार तेजी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 5,125 रुपये की बढ़त के साथ 3,39,824 रुपये प्रति किलो पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,34,699 रुपये था। इस समय चांदी का वायदा भाव 21,287 रुपये की तेजी के साथ 3,55,986 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रहा था। सत्र के दौरान चांदी ने 3,59,800 रुपये प्रति किलो का सर्वोच्च स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो कॉमेक्स पर सोना और चांदी रिकॉर्ड तेजी के बाद आज कुछ नरम पड़े। सोना 5,005.50 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने के समय 15.10 डॉलर की गिरावट के साथ 5,067.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हालांकि, इसने दिन में 5,107.90 डॉलर का उच्च स्तर छुआ। वहीं, चांदी 104.01 डॉलर प्रति औंस पर खुली और 4.65 डॉलर की गिरावट के साथ 110.85 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी, जबकि इसका उच्चतम स्तर 117.70 डॉलर रहा।

# पीएम ई-ड्राइव सब्सिडी मार्च 2026 के बाद भी रहे जारी: ई-दोपहिया कंपनियां

**कंपनियों ने कहा, सब्सिडी हटने पर बढ़ जाएगी इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत**

**नई दिल्ली ।**

भारत की इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियां सरकार से आग्रह कर रही हैं कि पीएम ई-ड्राइव स्कीम की सब्सिडी मार्च 2026 के बाद भी जारी रहे। कंपनियों का कहना है कि सब्सिडी ग्राहकों के लिए वाहन की कीमत कम करती है और अचानक बंद होने पर छोटे समय में मांग पर असर पड़ सकता है। जुपेरिया ऑटो के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि सब्सिडी हटने पर इलेक्ट्रिक स्कूटर की सड़क पर कीमत 6,000 से 12,000 रुपये तक बढ़ सकती है। ईवियम स्मार्ट मोबिलिटी के अधिकारी के अनुसार सब्सिडी का प्रभाव सभी ग्राहकों पर समान नहीं होता। रिटेल ग्राहक जल्दी खरीदारी में सब्सिडी पर निर्भर रहते हैं, जबकि फ्लीट ऑपरेटर और लंबे रूट वाले ग्राहक कुल खर्च, अपटाइम और सर्विस को महत्व देते हैं। उनके अनुसार, बिना सब्सिडी भी बिक्री रुकती नहीं, केवल निर्णय में समय लगता है। कंपनियां यह भी मांग कर रही हैं कि वित्त वर्ष 26 के बाद स्पष्ट मीडियम-टर्म नीति हो, ताकि फैक्ट्रियां बढ़ाई जा सकें, डीलर नेटवर्क मजबूत हो और पार्ट्स देश में ही बनें।

जेलियो ई-मोबिलिटी ने सुझाव दिया कि बजट 2026 में इलेक्ट्रिक कंपोनेंट्स और मैन्युफैक्चरिंग को सपोर्ट मिले, जिससे टियर-2/3 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन सस्ते हों और सब्सिडी पर निर्भरता कम हो।

## स्विगी के तीसरी तिमाही नतीजों से पहले बाजार में हलचल तेज

**- ग्रोथ तेज लेकिन घाटा थमने का नाम नहीं ले रहा**

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी गुरुवार को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने जा रही है। नतीजों से पहले बाजार और निवेशकों में हलचल तेज है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि मजबूत ग्रोथ के बावजूद क्या कंपनी मुनाफे के करीब पहुंच पाएगी या घाटा और बढ़ेगा। ब्रोकरेज रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिसंबर तिमाही में स्विगी का शुद्ध घाटा बढ़कर करीब 983 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 693.6 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था, जबकि पिछली तिमाही में घाटा 953.6 करोड़ रुपयेरहा था। आंकड़े साफ संकेत देते हैं कि फिलहाल घाटा कम होने के बजाय बढ़ता नजर आ रहा है। हालांकि घाटे के बीच कमाई के मोर्चे पर स्विगी की तस्वीर मजबूत दिख रही है। अनुमान है कि तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 48 फीसदी बढ़कर करीब 5,909 करोड़ रुपये हो सकता है। तिमाही आधार पर भी रेवेन्यू में लगभग 6 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है।

# अदाणी समूह और एम्ब्रेयर भारत में क्षेत्रीय विमान निर्माण में करेंगे साझेदारी

**- भारत में साझेदारी के माध्यम से लागत प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने की योजना**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख विमान निर्माता कंपनी एम्ब्रेयर ने मंगलवार को एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजार में छोटे और मझोले शहरों के हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन मंत्रालय में आयोजित समारोह में सहयोग की घोषणा की गई। नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सहयोग केवल विमानों के संयोजन तक सीमित नहीं है।

इसमें प्रगतिशील प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और भारत को क्षेत्रीय विमानों का एक विश्वसनीय विनिर्माण केंद्र बनाने की योजना शामिल है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सहयोग के तहत भारत में एक क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। दोनों कंपनियां भारत में क्षेत्रीय परिवहन विमानों के लिए एक फाइनल असेंबली लाइन भी स्थापित करेंगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के एक अे धिकारी ने कहा कि यह कदम देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। एम्ब्रेयर 150 सीट तक के वाणिज्यिक जेट विमानों का निर्माण करती है और भारत में इस साझेदारी के माध्यम से लागत प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने की योजना है। इस साझेदारी से अदाणी समूह भारतीय विमानन उद्योग में विमान निर्माण के क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है।

## बैंकों की हड़ताल: डिजिटल और एटीएम सेवाएं जारी रहेंगी

नई दिल्ली । बैंक यूनियनों की तरफ से मंगलवार को पूरे दिन हड़ताल का ऐलान किया गया है। इस वजह से बैंक शाखाओं में कामकाज थोड़ी देर के लिए प्रभावित हो सकता है। कई कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में शामिल रहेंगे, लेकिन बैंक और सरकार ने ग्राहकों की परेशानी कम करने के लिए तैयारियां की हैं। बैंकों ने भरोसा दिलाया है कि एटीएम में पर्याप्त नकदी उपलब्ध है और जरूरत पड़ने पर समय पर कैश भरा जाएगा। इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, कार्ड पेमेंट और अन्य डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से काम करती रहेंगी। सरकारी लेन-देन और अन्य जरूरी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के जरिए भी सेवाएं दी जाएंगी। सोमवार को वित्तीय सेवा विभाग के सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें एसबीआई चेयरमैन, सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के एमडी/सीईओ और आईबीए प्रमुख शामिल थे। बैंकों को निर्देश दिए गए कि हड़ताल के बावजूद ग्राहक सेवाएं बिना रुकावट चलती रहें।

## एमसीएक्स के तिमाही नतीजों से शेयरों में 6 फीसदी से अधिक तेजी

**कंपनी का नेट प्रॉफिट 151 फीसदी बढ़ा, शेयर खरीदने की मची लूट**



**मुंबई ।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) के तिमाही नतीजों ने निवेशकों को खुश कर दिया है। दिसंबर तिमाही 2025 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 401 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 160 करोड़ रुपये था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 151 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एमसीएक्स का दिसंबर तिमाही का रेवन्यू 666 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही के 301 करोड़ रुपये से 121 प्रतिशत अधिक है। ऐ बिटा भी इसी दौरान 527 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। ये आंकड़े कंपनी के ऑपरेशन्स की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। बीएसई में मंगलवार को एमसीएक्स के शेयर 2385.40 रुपये पर खुलने के बाद 2428.30 रुपये तक पहुंचकर 6.38 फीसदी की तेजी पर कारोबार कर रहे थे। यह कंपनी के 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 2498 रुपये के काफी करीब है। एमसीएक्स का शेयर लंबे समय से निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रहा है। पिछले 6 महीनों में शेयर में 48 फीसदी की तेजी, एक साल में 113 फीसदी, दो साल में 269 फीसदी और पिछले पांच साल में 620 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। इस प्रदर्शन के कारण इसे एक मल्टीबैगर स्टॉक के रूप में देखा जाता है।

## भारत और ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर बनी सहमति

**136 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगी रफ्तार, वार्ता पूरी**



**नई दिल्ली ।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पूरी हो गई है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इसकी औपचारिक घोषणा जल्द हो सकती है। रैटिफिकेशन प्रक्रिया में करीब छह महीने लग सकते हैं, जिससे यह समझौता 2027 की शुरुआत से लागू हो सकेगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि समझौता भारत के दृष्टिकोण से संतुलित और भविष्य उन्मुख है। समझौते के मसौदे की कानूनी जांच (लीगल स्क्रबिंग) चल रही है। इसका उद्देश्य अगले पांच से छह महीनों में प्रक्रिया पूरी कर हस्ताक्षर करना है। यह भारत का पिछले पांच वर्षों में आठवां व्यापार समझौता होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे सभी सौदों की जननी बताया है। वित्त वर्ष 2025 में भारत और ईयू के बीच द्विपक्षीय व्यापार 136.53 अरब डॉलर का है, जिसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर है। इस समझौते से कपड़ा, दवा, स्टील, पेट्रोलियम उत्पाद और मशीनरी पर टैरिफ में कमी होगी। भारतीय कंपनियों को अमेरिका के ऊंचे टैरिफ से होने वाले झटकों से निपटने में मदद मिलेगी और चीन पर निर्भरता कम होगी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 319, निफ्टी 126 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार करार से भी बाजार में उत्साह आया और वह उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक बढ़कर 81,857.48 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.75 अंक ऊपर आकर 25,175.40 पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी मेटल और बैंकिंग शेयरों के कारण आई। इस कारण निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक , निफ्टी कमोडिटीज , निफ्टी इंडिया डिफेंस निफ्टी पीएसई और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी मीडिया , निफ्टी ऑटो , निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल् के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 338 अंक बढ़कर 57,483.65 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 66.60 अंक उछलकर 16,419.35 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, इन्फोसिस, एचसीएल के शेयर लाभ में रहे जबकि एमएंडएम, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एचयूएल और भारती एयरटेल के शेयर गिरे। बाजार में आज के सत्र में उतार-चढ़ाव हावी रहा पर




यूरोपीय यूनिया से करार से बाजार को बल मिला पर बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के डर के कारण ऑटो और बेवरेज शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट साथ खुले। सेंसेक्स 81,436 अंक पर लगभग सपाट खुला, लेकिन कुछ ही देर में बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 424.17 अंक की गिरावट के साथ 81,113.53 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी-50 भी 25,063 अंक पर सपाट खुलने के बाद फिसल गया और 112.60 अंक गिरकर 25,019 पर ट्रेड करता दिखा। यूरोप से गाड़ियों के आयात पर टैरिफ कम किए जाने की संभावनाओं की खबरों से ऑटो सेक्टर के शेयरों पर दबाव बना रहा। वहीं एशियाई शेयर बाजारों में हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दक्षिण कोरिया पर ज्यादा टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। इससे निवेशकों की चिंता बढ़ी। शुरुआती गिरावट के बाद दक्षिण कोरिया का कॉपी इंडेक्स संभला और करीब 0.7 फीसद तक ऊपर आया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.1फीसदी ऊपर था। वहीं सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## सरकारी बॉन्ड बाजार में वित्त वर्ष 27 में बढ़ सकता है दबाव

**- 30.5 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है केंद्र और राज्यों की बॉन्ड सप्लाई**

**नई दिल्ली ।** नई विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन योजना के तहत अब राज्यों पर अधिक खर्च का बोझ आया है। इसके चलते अगले वित्त वर्ष 27 में राज्यों को अतिरिक्त उधारी करनी पड़ सकती है। अनुमान है कि केंद्र और राज्यों दोनों की कुल बॉन्ड सप्लाई 30.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। इसमें केंद्र सरकार की उधारी लगभग 16.5 लाख करोड़ रुपये और राज्यों की उधारी 14 लाख करोड़ रुपये होगी। चालू वित्त वर्ष में कुल सरकारी बॉन्ड सप्लाई लगभग 27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच रही है, जिसमें राज्यों का हिस्सा 12.45 लाख करोड़ रुपये है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भारी सप्लाई से यील्ड पर दबाव बढ़ेगा और निवेशकों की चिंता बढ़ सकती है। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 सालों में राज्यों की बाजार से उधारी तेजी से बढ़ी है। वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में राज्यों की उधारी 21 फीसदी बढ़ चुकी है। आने वाले वित्त वर्ष में लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड मैच्योर होने हैं। इसके कारण नकदी पर असर पड़ सकता है। आरबीआई इसे लंबी अवधि के बॉन्ड में स्विच या ट्रेजरी बिल जारी कर संतुलित कर सकता है। कोटक महिंद्रा एएमसी के अनुसार वित्त वर्ष 27 में सरकार का राजकोषीय घाटा 4.3 फीसदी के दायरे में रह सकता है। फिर भी, भारी मैच्योरिटी और बढ़ती सप्लाई के कारण बाजार पर दबाव बना रहेगा। आईडीएफसी बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू बचत की कमी और बढ़ती बॉन्ड सप्लाई से आरबीआई पर निर्भरता बढ़ गई है। इसके चलते 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड 6.60-6.70 फीसदी के दायरे में बनी रहने की संभावना है।

# चीन में चांदी सबसे महंगी, वैश्विक बाजार से 16 डॉलर प्रति औंस महंगी

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव लगभग 109 डॉलर प्रति औंस**

**नई दिल्ली।**

सोना और चांदी की कीमतें इस समय रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी हैं। खासतौर पर चांदी की कीमतों में तेजी ने निवेशकों को चौंका दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव लगभग 109 डॉलर प्रति औंस है, जबकि चीन में यह 125 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच चुका है। इसका मतलब चीन में चांदी अंतरराष्ट्रीय बाजार की तुलना में करीब 45 हजार रुपए प्रति किलो महंगी बिक रही है। भारत में चांदी चीन के मुकाबले लगभग 17 फीसदी सस्ती है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में चांदी की बढ़ी कीमतों का मुख्य कारण वहां की बेहद मजबूत मांग है। दुनिया की कुल चांदी आपूर्ति में चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी से अधिक है। यहां चांदी केवल आभूषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि हाजिर (स्पॉट) और वायदा (फ्यूचर्स) बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश के लिए भी खरीदी जा रही है। चीनी निवेशक इसे सुरक्षित निवेश मानकर लगातार बड़ी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं, जिससे कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। चांदी की कीमतों में आई इस तेजी के पीछे चीन की बदली हुई निर्यात नीति भी अहम भूमिका निभा रही है। जनवरी से केवल सरकारी लाइसेंस वाली कंपनियां ही चांदी का निर्यात कर सकती हैं। इसका असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई पर पड़ा है और वैश्विक स्तर पर कीमतों को बढ़ावा मिला है। कॉमेक्स पर चांदी की



कीमतों में हाल ही में 8 फीसदी तक की तेजी देखी गई, हालांकि इस दौरान हल्की गिरावट भी दर्ज हुई है। चीन में चांदी की बढ़ी कीमतें और सख्त निर्यात नियम अंतरराष्ट्रीय बाजार पर सीधे असर डाल रहे हैं। निवेशक वैश्विक सप्लाई और चीन की मांग पर नजर बनाए हुए हैं, जिससे चांदी की कीमतों में भविष्य में भी उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 27 पैसे की बढ़त के साथ ही 91.63 पर बंद हुआ। आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.80 पर खुला, जो पिछले बंद भाव 91.70 से 10 पैसे अधिक है। यह सुधार शुक्रवार के 92 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर के बाद आया है। पिछले सप्ताह रुपया लगातार दबाव में रहा। शुक्रवार को कारोबार के दौरान यह 92 प्रति डॉलर तक गिर गया, हालांकि अंत में मामूली सुधार के साथ 91.90 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार डॉलर की कमजोरी के कारण रुपये में मामूली बढ़त देखी गई।



## इंश्योरेंस सेक्टर की नजरें बजट पर, टैक्स छूट बढ़ाने की मांग

**- पॉलिसीधारकों को मिल सकता है सीधा फायदा!**

**नई दिल्ली ।** हाल ही में प्रीमियम पर जीएसटी घटने से इंश्योरेंस सस्ता हुआ है। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के एक वे रिष्ठ अधिकारी के अनुसार बदलाव से लोगों के लिए इंश्योरेंस आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इंडस्ट्री चाहती है कि प्रोटेक्शन और हेल्थ प्लान्स पर दोनों टैक्स सिस्टम में अधिक लाभ मिले। इससे ज्यादा परिवारों को कवर मिलेगा। ट्रेडिशनल पॉलिसीज में मैच्योरिटी पर टैक्स-फ्री लिमिट 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की मांग है। यू लिप के लिए भी टैक्स-फ्री मैच्योरिटी 5 लाख तक करने की उम्मीद है। पेंशन प्रोडक्ट्स को ज्यादा समर्थन और सेक्शन 80डी में डिडक्शन बढ़ाने की मांग है। वर्तमान में 60 साल से कम उम्र वालों के लिए 25 हजार और सीनियर सिटीजन के लिए 50 हजार की सीमा है, जिसे दोगुना करने की जरूरत बताई जा रही है। इसी तरह के बदलावों से भारत का फाइनेंशियल फ्यूचर मजबूत होगा और 2047 तक सभी के लिए इंश्योरेंस का लक्ष्य हासिल होगा।

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है



ललित गर्ग

**दरअसल, जल संकट अब ह्यवाटर स्ट्रेसह्न से आगे बढ़कर ह्यग्लोबल वाटर बैंक्रप्सीह्न यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं।**

'जल है तो जीवन है'-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है।
दरअसल, जल संकट अब ह्यवाटर स्ट्रेसह्न से आगे बढ़कर ह्यग्लोबल वाटर बैंक्रप्सीह्न यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बबार्दी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।
भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल



हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'हर खेत को पानी' के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है- प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है।
जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बबार्दी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को रोका गया, तालाब पाट दिए गए और जंगलों का विनाश किया गया। परिणामस्वरूप वर्षा का पैटर्न बदल गया और जल स्रोत सूखते चले गए। यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी योजनाओं से ही समाधान संभव नहीं, जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी न ले।
दुनिया के अन्य देशों से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इजराइल में ड्रिप इरिगेशन और डिसेलिनेशन तकनीक से 90 प्रतिशत तक पानी का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में वाटर ट्रेडिंग के माध्यम से जल संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया गया है। अमेरिका में अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और यूरोप में स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट सिस्टम जल संकट से निपटने के प्रभावी उपाय बने हैं। भारत में भी राजस्थान जैसे राज्यों में जोहड़, खादिन और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल संरचनाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। समाधान का रास्ता स्पष्ट है- कठोर नीतियां, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी। जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। तकनीक का उपयोग कर निगरानी और सामाजिक ऑडिट को अनिवार्य बनाना होगा। आमजन को भी जागरूक होना पड़ेगा कि वर्षा जल संचयन, जल की बचत, ड्रिप सिंचाई और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं।
भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वच्छ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग, आपूर्ति की दोगुनी होने की संभावना है। इससे देश में करोड़ों लोगों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा तथा देश के सकल घरेलु उत्पाद में 6 प्रतिशत की हानि होने की संभावना है। आज समय बहुत कम है। यदि अभी भी हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। जल का संकट केवल वर्तमान का नहीं, भविष्य का प्रश्न है। जल है तो जीवन है-इस सत्य को हमें व्यवहार में उतारना होगा। भ्रष्टाचार मुक्त जल प्रबंधन, जिम्मेदार प्रशासन और जागरूक नागरिक ही हमें इस 'जल-संकट' से बचा सकते हैं। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब इतिहास गवाह बनेगा कि मानव ने अपने ही हाथों से जीवन के स्रोत को नष्ट कर दिया। भू-जल प्रबंधन, कुशल सिंचाई प्रबंधन एवं वर्षा जल संचयन उपायों को अपनाकर भविष्य के जल संकट को कम किया जा सकता है।

## संपादकीय

### सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर

ग्रीनलैंड मामले में हकीकत यह है कि सब कुछ डॉनल्ड ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है। ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने के डॉनल्ड ट्रंप के जुनून से यूरोप में गुस्सा तो फैला है, लेकिन एक किस्म की लाचारी का अहसास भी वहां है। यूरोपीय नेता जानते हैं कि ट्रंप अपने इरादे पर अड़े रहे, तो उन्हें रोकना आसान नहीं होगा। इसलिए आठ यूरोपीय देशों के नेताओं के डेनमार्क से एकजुटता जताने और यूरोप-अमेरिका के संबंधों पर खराब असर की चेतावनी देने का व्यावहारिक मतलब कम ही है। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिका का विरोध कर रहे देशों के ऊपर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के ट्रंप के एलान के बाद जारी साझा बयान में इन नेताओं ने उपरोक्त बातें कही हैं। उधर यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काया केलास ने चीन और रूस का खतरा दिखाते हुए ट्रंप प्रशासन का विवेक जगाने की कोशिश की है।
बहरहाल, सवाल यही है कि ट्रंप ने अपना रुख नहीं बदला, तो यूरोप क्या करेगा? दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपनी खास योजना-मार्शल प्लान-के तहत यूरोप को ढाला। नतीजतन, उसकी सुरक्षा के सूत्र हमेशा अमेरिका के हाथ में रहे। आज भी पूरे यूरोप में लगभग 76, 000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यूरोप के 80 प्रतिशत तक हथियार अमेरिकी कंपनियां सप्लाई करती हैं। जिस नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के भरोसे यूरोप के देश सुरक्षित रहते आए हैं, उनका निर्विवाद नेता अमेरिका है। 1990 के दशक के बाद यूरोप की वित्तीय व्यवस्था भी अभिन्न रूप से अमेरिका से जुड़ गई। तब अमेरिकी मंशा से अलग निर्णय लेने की यूरोप की रणनीतिक स्वतंत्रता और सिकुड़ गई। इस दौर में अमेरिका का पिछलग्गू बन कर यूरोप ने अपना नैतिक बल और भी गंवा दिया। मसलन, ताजा प्रकरणों को ही देखें, तो एक संप्रभु देश- वेनेजुएला- के राष्ट्रपति के अपहरण पर अगर-मगर भरा रुख अपनाने के बाद ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय नेता जब डेनमार्क की संप्रभुता का समर्थन करते हैं, तो बाकी दुनिया को उनकी बातें विडंबनाभरी नजर आती हैं। इसीलिए हकीकत यह है कि सब कुछ ट्रंप पर निर्भर है। अगर उनके अमेरिका फर्स्ट की सोच में अपने सहयोगी देशों को निगलना भी शामिल है, तो फिर उन्हें कैसे रोका जाएगा, यह साफ नहीं है।

## चिंतन-मनन

### जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम खुद हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दु?ख देता है और न सुख।
इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। संपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था। मेरा कोई कसूर नहीं है।
सपेरा कर्म के पहुंचा और पूछा तुमने ऐसा बुरा कर्म क्यों किया। कर्म ने कहा मुझ से क्यों पूछते हो, यह तो मरने वाले से पूछो मैं तो जड़ हूं। इसके बाद संपेरा ब्राह्मणी के पुत्र की आत्मा के पास पहुंचा। आत्मा ने कहा सभी ठीक कहते हैं। मैंने ही वह कर्म किया था जिसकी वजह से मुझे सर्प ने डंसा, इसके लिए कोई अन्य दोषी नहीं है।

# लाला लाजपत रायः जिनकी लाठी ने आजादी की नींव और मजबूत की



सुनील कुमार महला

28 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, आर्य समाज के प्रमुख विचारक तथा प्रखर राष्ट्रवादी नेता लाला लाजपत राय की जयंती मनाई जाती है। अपनी ओजस्वी वाणी, निर्भीक तेवर और अंग्रेजी हुकूमत के सामने कभी न झुकने वाले व्यक्तित्व के कारण वे जनमानस में ह्यपंजाब केसरीह्न (पंजाब का शेर) के नाम से विख्यात हुए। उनकी गर्जना(ओजस्वी भाषण) इतनी प्रभावशाली होती थी कि सभाओं में उपस्थित हजारों लोग एक ही आह्वान पर उनके पीछे चल पड़ते थे। निस्संदेह, वे भारतीय इतिहास के उन तेजस्वी सितारों में से एक हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोजपुर ज़िले के धुडीके गाँव (तत्कालीन पंजाब, ब्रिटिश भारत) में हुआ था। उनके पिता मुंशी राधाकृष्ण उर्दू-फारसी के विद्वान थे तथा माता गुलाब देवी एक धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई की। इसी दौरान वे स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से अत्यंत प्रभावित हुए और लाहौर में आर्य समाज से जुड़ गए। लाला जी का मानना था कि हिंदू धर्म का नैतिक आदर्शवाद जब राष्ट्रवाद के साथ जुड़ता है, तो वह एक धर्मनिरपेक्ष राज्य (सेकुलर स्टेट) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील था। वे दृढ़ता से विश्वास करते थे कि बिना शिक्षा के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इसी सोच के परिणामस्वरूप उन्होंने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करने हेतु ह्यसर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटीह्न की स्थापना की तथा लाहौर में ह्यनेशनल कॉलेजह्न की शुरूआत की, जहाँ आगे चलकर भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों ने शिक्षा प्राप्त की।वे सामाजिक सुधारों के प्रबल समर्थक थे। 1890 के दशक के अंत में जब भारत के कई भागों में भीषण अकाल पड़ा, तब लाला जी ने राहत कार्यों का नेतृत्व किया और अनाथ बच्चों के लिए अनेक राहत शिविर एवं अनाथालय स्थापित कराए। वे विधवा पुनर्विवाह, स्त्री शिक्षा और छुआछूत उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल के साथ मिलकर उन्होंने उग्र राष्ट्रवादी नेताओं की प्रसिद्ध त्रयी ह्यलाल-बाल-पालह्न का गठन किया। वे इस त्रयी के प्रमुख स्तंभ थे। वे हिंदू महासभा से भी जुड़े रहे और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मुखर रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य के रूप में उन्होंने पंजाब के अनेक राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। वर्ष 1907 में अंग्रेज सरकार ने उन्हें आंदोलनकारी गतिविधियों के कारण बर्मा निर्वासित कर दिया, किंतु पर्याप्त प्रमाण न होने के कारण कुछ महीनों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। कम लोगों को ज्ञात है कि 1914 से 1919 के बीच लाला लाजपत राय अमेरिका में रहे। वहाँ उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुँचाया और ब्रिटिश शासन के अत्याचारों से अमेरिकी जनता को अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने 1917 में ह्यहोम रूल लीग ऑफ अमेरिकाह्न की स्थापना कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत की स्वतंत्रता के लिए नैतिक समर्थन माँगा।उन्होंने बंगाल विभाजन का कड़ा विरोध किया, रौलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड की तीखी निंदा की। वे अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1920 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में उन्होंने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन का समर्थन किया। वर्ष 1926 में वे केंद्रीय विधानसभा के उप-नेता चुने गए। 1928 में जब ब्रिटिश सरकार ने बिना किसी भारतीय सदस्य के साइमन कमीशन भारत भेजा, तो लाला लाजपत राय ने विधानसभा में इसका विरोध प्रस्ताव रखा और लाहौर में इसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इसी दौरान उन्होंने ऐतिहासिक नारा दिया-साइमन वापस जाओ(साइमन गो बैक)। लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट के आदेश पर उन पर निर्मम लाठीचार्ज किया गया। गंभीर चोटों के बावजूद उन्होंने अंग्रेज सरकार से कभी क्षमा नहीं माँगी। लाठीचार्ज से पूर्व उनका दिया गया वाक्य-मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश साम्राज्य के ताबूत में कील बनेगी। बाद में ऐतिहासिक सत्य सिद्ध हुआ। चोटों के कारण 17 नवंबर 1928 को लाहौर में उनका निधन हो गया। लाला जी की शहादत से क्षुब्ध होकर ही भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने अंग्रेज अधिकारी सॉन्डर्स को मारकर प्रतिशोध लिया।लाला लाजपत राय न केवल



एक निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि वे भारत को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने वाले दूरदर्शी चिंतक भी थे। उनकी लेखनी भी उतनी ही प्रखर थी- यंग इंडिया, अनहैप्पी इंडिया, भारत का इंग्लैंड पर आरोप, इंडिया विल टू फ्रीडम, भगवद्गीता का संदेश सहित अनेक कृतियाँ उनके विचारों की अमिट धरोहर हैं। वे पंजाब नेशनल बैंक के सह-संस्थापक, आर्य गजट के संपादक और कई शिक्षण-सामाजिक संस्थाओं के प्रेरणास्रोत रहे।अंततः कहा जा सकता है कि पंजाब केसरी लाला लाजपत राय शहादत की वह मशाल हैं, जिनकी लौ भारतीय राष्ट्रवाद को सदैव प्रकाशित करती रहेगी-उन्हें भुला पाना असंभव है।

# भारत गाथाः श्रुति, कृति, दृष्टि – ओम से एल्गोरिदम तक भारत की रचनात्मक यात्रा

## 77वें गणतंत्र दिवस की उपलब्ध पर मनमोहक व ज्ञानवर्द्धक झाँकीयों पर विशेष



विनोद कुमार सिंह

भारत केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता है–जहाँ शब्द जन्म लेते हैं,विचार आकार पाते हैं और दृष्टि भविष्य का निर्माण करती है।कर्त्तव्य पथ पर 77 वें गणतंत्र दिवस के अवशर पर आयेजित भव्य समारोह में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मनमोहक झांकी 'भारत गाथाः श्रुति,कृति, दृष्टि' इसी शाश्वत सभ्यतागत प्रवाह का सशक्त दृश्य रूप बनकर सामने आई।मंत्रालय की यह झांकी वैदिक व विकसित भारत की कथा कहने की उस परंपरा को रेखांकित करती है,जो वेदों की मौखिक परंपरा से शुरू होकर आज एल्गोरिदम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमर्सिव डिजिटल अनुभवों तक पहुँची है।
यह जीवंत झांकी केवल अतीत का गौरवगान नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर भारत की उस चेतना का प्रतिबिंब है,जिसमें परंपरा और प्रौद्योगिकी एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री हैं।प्रणव ओम से एल्गोरिदम तक की यह यात्रा भारत की फलती-फूलती रचनात्मक अर्थव्यवस्था वैश्विक सामग्री शक्ति के रूप में उसके उभार और भविष्य के प्रति उसके आत्मविश्वास को उद्घाटित करती है।
श्रुतिःजहाँ शब्द सृजन बनते हैंभारतीय सभ्यता में ज्ञान का प्रथम स्रोत श्रुति है–जो सुना गया, अनुभव किया गया और पीढ़ी-दर- पीढ़ी स्मृति में संचित रहा। झांकी का यह प्रथम खंड भारत की उसी मौखिक परंपरा को नमन करता है, जिसने सहस्राब्दियों तक ज्ञान को जीवित रखा। पीपल के वृक्ष के नीचे बैठे गुरु-शिष्य परंपरा का दृश्य केवल एक प्रतीक नहीं,बल्कि भारतीय शिक्षा-दर्शन की आत्मा है।यहाँ ज्ञान किसी पाठ्य-पुस्तक तक सीमित नहीं,बल्कि मानव जीवन का अंग है।गुरु का वाणी-संचार, शिष्य की एकाग्रता और प्रकृति की सान्निध्य–ये सब मिलकर उस समग्र शिक्षण परंपरा को रचते हैं,जिसमें शब्द साधना बन जाता है।
झांकी में उकेरे गए ध्वनि-तरंग रूपांकन और ओम का ब्रह्मांडीय प्रतीक यह स्मरण कराता है कि भारतीय दर्शन में ध्वनि को सृष्टि की मूल इकाई माना गया है।नाद-ब्रह्म की यह अवधारणा आज आधुनिक विज्ञान में भी प्रतिध्वनित होती दिखती है,जहाँ फ्रीक्वेंसी,वेव्स और वाइब्रेशन के सिद्धांत ब्रह्मांड को समझने का आधार बन रहे हैं।श्रुति का यह खंड दशार्ता है कि भारत की कहानी कहने की कला केवल मनोरंजन नहीं,बल्कि चेतना के विस्तार का माध्यम रही है। लोककथाएँ,महाकाव्य,भजन, कीर्तन और कथकली जैसी परंपराएँ समाज को जोड़ने का सेतु बनीं।शब्द से शास्त्र तक जहाँ श्रुति स्मृति में जीवित रही, वहीं कृति ने विचारों को स्थायित्व दिया।झांकी का दूसरा खंड भारत की लिखित और कलात्मक परंपराओं के विकास को भव्यता से प्रस्तुत करता है। भगवान गणेश द्वारा महाभारत लेखन का दृश्य भारतीय बौद्धिक परंपरा का प्रतीक है–जहाँ लेखन केवल रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि साधना है।महाभारत जैसे ग्रंथ न केवल कथा हैं,बल्कि दर्शन, नीति, राजनीति और मानव मन के गहन अध्ययन का दर्पण हैं।इस खंड में पांडुलिपियाँ,ताड़पत्र शिलालेख,नाट्य-शास्त्र,संगीत, नृत्य और प्रदर्शन कलाओं के दृश्य भारत की उस बहुआयामी रचनात्मकता को सामने लाते हैं,जिसने विश्व को गणित,खगोल, आयुर्वेद,स्थापत्य और साहित्य की अमूल्य धरोहर दी।कृति का यह कालखंड बताता है कि भारत में लेखन और कला सत्ता का उपकरण नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना की अभिव्यक्ति रही है। कवि, कथाकार, नाटककार और कलाकार समाज के द्रष्टा रहे हैं–जो समय की नब्ज पहचानकर उसे शब्द और स्वर देते हैं।झांकी का तीसरा और सबसे गतिशील खंड है दृष्टि–जो भारत की मीडिया यात्रा को दशार्ता है। प्रिंट से लेकर सिनेमा, रेडियो, टेलीविजन और अब डिजिटल प्लेटफॉर्म तक,यह खंड भारत के आधुनिक अभिव्यक्ति माध्यमों की कहानी कहता है।विंटेज कैमरे,फिल्म रील, .समाचार पत्र, उपग्रह और बॉक्स ऑफिस प्रतीक–ये सब उन पीढ़ियों को श्रद्धांजलि हैं, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और मीडिया को वैश्विक पहचान दिलाई।दादा साहेब फाल्के से लेकर सत्यजीत रे,राज कपूर से लेकर समकालीन फिल्मकारों तक–भारत की दृश्य कथा ने सामाजिक परिवर्तन, राष्ट्रनिर्माण और सांस्कृतिक आत्मविश्वास में अहम भूमिका निभाई है।यह खंड यह भी दशार्ता है कि भारतीय मीडिया केवल मनोरंजन का साधन नहीं,बल्कि सामाजिक संवाद और लोकतांत्रिक चेतना का वाहक रहा है। रेडियो की आवाज से लेकर दूरदर्शन के युग और आज के ओटीटी प्लेटफॉर्म–हर माध्यम ने भारत की विविधता को स्वर दिया।
भविष्य की कहानीः एआई, एवीजीसी-एक्सआर और वर्चुअल प्रोडक्शन।झांकी का सबसे प्रेरक पक्ष है उसका भविष्य-दर्शन।एआई, एवीजीसी-एक्सआर और वर्चुअल प्रोडक्शन तकनीकों के माध्यम से यह संकेत दिया गया है कि भारत अब केवल सामग्री का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर कंटेंट क्रिएटर और हब बनने की ओर अग्रसर है।डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी पहलें भारत की रचनात्मक प्रतिभा को वैश्विक मंच दे रही हैं। युवा क्रिएटर्स,गेम डेवलपर्स, एनीमेशन आर्टिस्ट और डिजिटल स्टोरीटेलर्स भारत की नई पहचान गढ़ रहे हैं–जहाँ कहानी कहने की परंपरा तकनीक के पंख लगाकर उड़ान भर रही है।




यह झांकी डब्लु ए वी ई एस 2025 के दृष्टिकोण से भी जुड़ी है, जो भारत को वैश्विक सामग्री केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। 'संतरा अर्थव्यवस्था का उदय' केवल एक रूपक नहीं, बल्कि उस रचनात्मक अर्थव्यवस्था का संकेत है,जिसमें संस्कृति, मीडिया और तकनीक आर्थिक विकास के प्रमुख चालक बन रहे हैं। वैश्विक सहभागिता, व्यावसायिक समझौते और सांस्कृतिक आदान-प्रदान यह दशार्ते हैं कि भारत की कहानी अब विश्व सुनना चाहता है–और भारत उसे आत्मविश्वास के साथ सुना रहा है।
सांस्कृतिक कालक्रम और दूरदर्शी दृष्टि 'भारत गाथाः श्रुति, कृति, दृष्टि' झांकी एक साथ सांस्कृतिक कालक्रम और दूरदर्शी दृष्टिकोण है। यह अतीत की जड़ों से जुड़कर भविष्य की शाखाएँ फैलाने का संदेश देती है।77वें गणतंत्र दिवस पर यह झांकी हमें याद दिलाती है कि भारत की शक्ति उसकी निरंतरता में है–जहाँ परंपरा ठहराव नहीं, बल्कि नवाचार का आधार है। ओम की गूंज से लेकर एल्गोरिदम की गणना तक, भारत की कथा अनवरत प्रवाह में आगे बढ़ रही है।यह झांकी न केवल देखने का अनुभव है, बल्कि आत्मचिंतन का निमंत्रण भी–कि हम अपनी विरासत को समझें, उसे संजोएँ और तकनीक के साथ मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें, जहाँ भारत की कहानी विश्व की साझा धरोहर बने।



# देव-मुनियों की तपोभूमि ऋषिकेश

**गंगा के किनारे हरिद्वार से 24 किमी. दूर बसा ऋषिकेश युग-युगांतर से ऋषियों-मुनियों और देवताओं की तपस्थली रहा है। पुराणों के अनुसार यहां पर शिव, श्रीराम और लक्ष्मण ने तपस्या की थी...**

आश्रम व मठ-मंदिरों की नगरी के रूप में विश्वविख्यात ऋषिकेश नगरी ऋषि-मुनियों की तप स्थली है। यहां न केवल पौराणिक मठ-मंदिरों की बड़ी संख्या हैं, अपितु अनेकों राष्ट्र संतों के आश्रम भी बहुतायत में हैं। शांति एवं आध्यात्मिक संतोष की प्राप्ति के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं और यहां के प्राकृतिक एवं पवित्र वातावरण में खो कर सब कुछ भूल जाते हैं।

## ऋषिकेश का महात्मय

वाराह पुराण में इस धार्मिक नगरी के बारे में वर्णित है कि यहां देवदत्त नामक ब्राह्मण ने घोर तपस्या की थी, लेकिन शिव-विष्णु में भेद बुद्धि होने के कारण इंद्र ने उसकी तपस्या को प्रम्लोचा नामक अप्सरा द्वारा भंग करा दिया। देवदत्त ने पुन: तपस्या की, तो शिव ने कहा कि तुम मुझे ही विष्णु समझो। हम दोनों को एक भाव देखने पर तुम्हें शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होगी। पहले तुम्हारी हम दोनों से भेद बुद्धि थी, इसी कारण तुम्हारी तपस्या भंग हुई। देवदत्त के बाद उसकी लड़की रूरू ने यहां तपस्या की और भगवान से उसी रूप में यहां अवस्थित रहने की प्रार्थना की। भगवान तब यहां अवस्थित हो गए। एक अन्य कथा के अनुसार रैम्य मुनि ने यहां दस हजार वर्ष तक अपनी बांहें उठा कर भगवान विष्णु की तपस्या की। फिर वह एक हजार वर्षों तक जल पीकर और पांच सौ वर्ष तक शैवाल खा कर आराधना करते रहे। इससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने आम का आश्रय लेकर मुनि को देखा। भगवान विष्णु के आश्रय लेने के कारण आम का वृक्ष कुबड़ा हो गया। इस प्रकार इस तीर्थ का नाम 'कुब्जाम्रक तीर्थ' पड़ गया। भगवान विष्णु ने रैम्य मुनि को 'ऋषिकेश' के रूप में दर्शन दिए। अत: इसका नाम ऋषिकेश पड़ गया। यह भी बताते हैं कि राक्षसों के उत्पात से पीड़ित ऋषियों की प्रार्थना पर भगवान ने राक्षसों का नाश करके ऋषियों को यह साधन-भूमि प्रदान की। तभी से इसे ऋषिकेश कहा जाने लगा।

पुण्य पावन भगीरथी के किनारे चारों ओर फैली हुई विशाल और धनी वन-सम्पदा की गोद में हरिद्वार से 24 किमी दूर बसा आज का ऋषिकेश नगर पुरातन काल से ही महर्षियों का अतिप्रिय स्थल रहा है। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत सहित अनेकों राजाधिराजों की तपस्या का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। मध्यकालीन शंकराचार्य, रामानुज आदि भी इस श्रेष्ठ तपोवन में आकर शांति लाभ प्राप्त करते रहे हैं। अब यह पावन धरा बैरागी साधु-महात्माओं की विहार वाटिका बन गई है। उत्तराखंड के बद्रीधाम, केदार धाम व गंगोत्री, यमुनोत्री जाने के लिए यहीं से यात्रा प्रारंभ होती है। आइए ऋषिकेश में व इसके आस-पास स्थित आश्रमों व अन्य दर्शनीय स्थलों का अवलोकन करें-

## नीलकंठ धाम

सिद्धपीठ नीलकंठ धाम ऋषिकेश से 7 किमी दूर पूर्व की ओर स्थित नीलकंठ पर्वत पर स्थित शिव धाम है। आदिकाल में समुद्र मंथन के पश्चात भगवान शंकर ने समुद्र से निकलने वाले विष का पान किया था। किवदंती है कि विष की ज्वाला को शांत करने के लिए शिव ने इस स्थान पर आकर अज्ञातवास में आठ हजार वर्ष तक कठोर तपस्या की थी। यहां उनका नीला कंठ शिवलिंग के रूप में विद्यमान है।

## त्रिवेणी घाट

ऋषिकेश बाज़ार में स्थित प्राचीन भरत मंदिर के आगे अंत में गंगा तट पर कुब्जाम्रक नामक पक्का कुंड है, जिसमें पर्वत के तीन स्रोतों से जल आता है। इसे लोग गंगा, यमुना, सरस्वती तीन नदियों की त्रिवेणी कहते हैं। इस स्थान का ऋषिकेश में वही महत्व है, जो हरिद्वार में हरि की पौड़ी का है।

## कैलाश आश्रम

लक्ष्मण झूला सामने बहुमंजिला 'ब्रह्म विद्या कैलाश आश्रम' है। ब्रह्म विद्या के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से सन् 1880 में स्वामी धनराज गिरि महाराज ने इस आश्रम की स्थापना की थी। देशी व विदेशी साधुओं को योग-दीक्षा देने के साथ-साथ यहां हर प्रकार का धार्मिक साहित्य मिलता है।

## स्वर्गाश्रम

यहीं से मंदिरों एवं आश्रमों का समूह प्रारंभ होता है। स्वर्गाश्रम का निर्माण गीता प्रैस गोरखपुर द्वारा कराया गया था। भवन में लक्ष्मी नारायण की सुंदर मूर्ति है। दीवारों पर अत्यंत भव्य रूप से रामायण व महाभारत का चित्रांकन किया गया है।

## परमार्थ निकेतन

गीता भवन की सीमा समाप्त होते ही परमार्थ निकेतन का द्वार है। मुख्य द्वार के ऊपर बनी श्री कृष्ण व अर्जुन की मूर्ति कलात्मकता की अनूठी मिसाल है। अंदर प्रवेश करते ही बाईं ओर पंक्तिबद्ध मूर्तियां पौराणिक कथाओं के आधार पर बनाई गई हैं।



# यात्रियों के आकर्षण का केंद्र लक्ष्मण झूला

**ऋषिकेश** से पांच किमी आगे दाहिनी ओर मुख्य सड़क से एक किमी नीचे उतर कर गंगा नदी पर बना यह झूलेनुमा पुल यहां का सबसे बड़ा आकर्षण है। कहते हैं, इस स्थान पर लक्ष्मण ने तप किया था तथा गंगा को पार करने के लिए अपने बाणों से पुल का निर्माण किया था। इसी की स्मृति में यहां गंगा के आर-पार लोहे के रस्सों से बंधे इस पुल को लक्ष्मण झूला नाम दिया गया। जिस प्रकार लक्ष्मण जी ने झूल-झूल कर पुल पार किया था, उसी प्रकार यात्री झूलते हुए पुल को पार करते हैं, जो अत्यंत रोमांच पैदा करता है। पुल के पास ही लक्ष्मण जी का मंदिर व लक्ष्मण घाट हैं।

### कब जाएं ?

वैसे तो यात्री साल भर ऋषिकेश आते रहते हैं, लेकिन यात्रियों की अधिक संख्या गर्मी के मौसम में होती है।

### कैसे जाएं ?

ऋषिकेश गढ़वाल मंडल का अंतिम रेल हैड है। मगर अधिकांश लंबी दूरी की गाड़ियां हरिद्वार एवं देहरादून तक ही आती हैं। अत: अधिकतर यात्री उपरोक्त दोनों रेलवे स्टेशनों से बस, कार या अन्य वाहनों से यहां पहुंचते हैं। दिल्ली से नियमित हवाई सेवा जोलीग्रांट एयरपोर्ट (देहरादून) तक आती हैं।

### कहां ठहरें ?

यहां ठहरने के लिए राज्य सरकार का टूरिस्ट बंगला है। इसके अतिरिक्त आंध्र आश्रम, बाबा काली कमली, जय राम अन्न क्षेत्र, पंजाब सिंध क्षेत्र, गीता भवन, गोपाल कुटि, परमार्थ निकेतन, स्वर्गाश्रम आदि धर्मशालाएं व भवन हैं। अब महंगे होटल भी यहां के बाहरी क्षेत्रों में बन गए हैं।

### अन्य दर्शनीय स्थल

तीर्थनगरी ऋषिकेश में छोटे-बड़े 50 के लगभग आश्रम हैं व पौराणिक मठ-मंदिर हैं। अन्य प्रमुख स्थलों में मधुबन आश्रम, दयानंद आश्रम, निर्मल आश्रम, गीता आश्रम, बाबा काली कमली, जय राम अन्नक्षेत्र, गोपाल कुटी, राम झूला, सच्चा धाम आश्रम व गुरुद्वारा हेमकुंड प्रमुख हैं।

# पालमपुर की सैर

**हवा** में मधुर सी महक थी, शीतल हवा बह रही थी। प्रकृति के आँचल में फूल खिल रहे थे। कंगरा वादियों से पालमपुर की झलक दिखाई देती है। मान्यता है कि यह खूबसूरत स्थल जालंधर का स्थान रहा है। इस सुंदर स्थल की एक और विशेषता है कि यहाँ पर चाय के बगीचे, चावल के खेत नजर आते हैं।

भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पालमपुर की चाय बहुत ही प्रसिद्ध है। नगरों में लोग अँग्रेजों के समय बनाए गए वास्तुशिल्प इमारतों को देखकर दंग रह जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में दलाई लामा के निवास स्थल से तीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है पालमपुर। यहाँ का मौसम सुहावना है अप्रैल से लेकर जून तक गर्मी रहती है। नवंबर से लेकर फरवरी तक ठंड का मौसम रहता है।



### स्थानों को देखना

**चाय की फैक्ट्री -** कंगरा के चाय यहाँ पर देख सकते हैं। सेंट जॉन के गिरिजाघर से 200 किलोमीटर हैं पालमपुर। बुंदलामाता का मंदिर – पालमपुर से 2 किलोमीटर की दूरी पर हैं। पाँचवीं सदी के समय इस स्थान को स्थापित किया गया था। गोपालपुर में एक छोटा सा चिड़ियाघर है। जोकि पालमपुर से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**चामुंड़ा देवी -** देवी काली को यहाँ के निवासी चामुंड़ा के रूप में पूजा करते हैं।

**अंडेट्रा -** हस्तशिल्पाय एवं हाथ से बनाएँ चीजें पर्यटक को लुभाती हैं।

**कंगरा किले -** कहते हैं कि इस किले का निर्माण हजार साल पहले किया गया था। बिर में लामाओं का मठ स्थित है।

**बैजनाथ मंदिर -** भगवान शिव को बैद्यनाथ का रूप मानते हैं। मान्यता है रावण ने भगवान शिव की अराधना की थी। भगवान शिव ने रावण की कठोर तपस्या एवं पूजा से प्रसन्न होकर रावण को अमरता का वरदान दिया था। इस मंदिर में हजारों श्रद्धालु आते हैं। कैसे पहुँचें पालमपुर से हवाई अड्डा 37 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। टैक्सी एवं बस सब जगहों से उपलब्ध है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली 4 से पालमपुर 454 किलोमीटर की दूरी पर है।

# उफ! यह जोड़ों का दर्द

**हमारे** देश में बडी उम्र के लोगों के बीच ऑर्थराइटिस आम बीमारी है। 50 साल से अधिक उम्र के लोग यह मान कर चलते हैं कि अब तो यह होना ही था। खास तौर से स्त्रियां तो इसे लगभग सुनिश्चित मानती हैं। ऑर्थराइटिस का मतलब है जोड में जलन। यह शरीर के किसी एक जोड में भी हो सकता है और ज्यादा जोडों में भी। इस भयावह दर्द को बर्दाश्त करना इतना कठिन होता है कि रोगी का उठना-बैठना तक दुश्वार हो जाता है।



ऑर्थराइटिस मुख्यत:दो तरह का होता है - ऑस्टियो और रिह्यमेटाइड ऑर्थराइटिस। दोनों का मुख्य कारण यूरिक एसिड का बढना होता है। इसमें मरीज की हालत इतनी बिगड जाती है कि उसके लिए हाथ-पैर हिलाना भी मुश्किल हो जाता है। रिह्यमेटाइड ऑर्थराइटिस में तो यह दर्द उंगलियों, कलाइयों, पैरों, टखनों, कूल्हों और कंधों तक को नहीं छोडता है। यह बीमारी आम तौर पर 40 वर्ष की उम्र के बाद होती है, लेकिन यह कोई जरूरी नहीं है। खास तौर से स्त्रियां इसकी ज्यादा शिकार होती हैं।

**घट जाती है कार्यक्षमता**

ऑर्थराइटिस के मरीज की कार्यक्षमता तो घट ही जाती है, उसका जीना ही लगभग दूभर हो जाता है। अकसर वह मोटापे का भी शिकार हो जाता है, क्योंकि चलने-फिरने से मजबूर होने के कारण अपने रोजमर्रा के कार्यो को निपटाने के लिए भी दूसरे लोगों पर निर्भर हो जाता है। अधिकतर एक जगह पडे रहने के कारण उसका मोटापा भी बढता जाता है, जो कई और बीमारियों का भी कारण बन सकता है।

**बाहरी कारणों से नहीं**

कई अन्य रोगों की तरह ऑर्थराइटिस के लिए कोई इनफेक्शन या कोई और बाहरी कारण जिम्मेदार नहीं होते हैं। इसके लिए जिम्मेदार होता है खानपान का असंतुलन, जिससे शरीर में यूरिक एसिड बढता है। जब भी हम कोई चीज खाते या पीते हैं तो उसमें मौजूद एसिड का कुछ अंश शरीर में रह जाता है। खानपान और दिनचर्या नियमित तथा संतुलित न हो तो वह धीरे-धीरे इकट्ठा होता रहता है। जब तक एल्कलीज शरीर के यूरिक एसिड को निष्क्रिय करते रहते हैं, तब तक तो मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब किसी वजह से अतिरिक्त एसिड शरीर में छूटने लगता है तो यह जोडों के बीच हड्डियों या पेशियों पर जमा होने लगता है। यही बाद में ऑर्थराइटिस के रूप में सामने आता है। शोध के अनुसार 80 से भी ज्यादा बीमारियां ऑर्थराइटिस के लक्षण पैदा कर सकती हैं। इनमें शामिल हैं रिह्यमेटाइड ऑर्थराइटिस, ऑस्टियो ऑर्थराइटिस, गठिया, टीबी और दूसरे इनफेक्शन। इसके अलावा ऑर्थराइटिस से पीडित व्यक्ति को रिह्यमेटाइड ऑर्थराइटिस, गठिया कमर दर्द की शिकायत हो सकती है। इनमें कई बार जोडों के बीच एसिड क्रिस्टल जमा होने लगते हैं। तब चलने-फिरने में चुभन और टीस होती है।

**बदलें जीने का ढंग**

इससे निपटने का एक ही उपाय है और वह है उचित समय पर उचित खानपान। इनकी बदौलत एसिड क्रिस्टल डिपॉजिट को गलाने और दर्द को कम करने में मदद मिलती है। इसलिए बेहतर होगा कि दूसरी चीजों पर ध्यान देने के बजाय खानपान की उचित आदतों पर ध्यान दिया जाए, ताकि यह नौबत ही न आए, फिर भी ऑर्थराइटिस हो गया हो तो ऐसी जीवन शैली अपनाएं जो शरीर से टॉक्सिक एसिड के अवयवों को खत्म कर दे। इसके लिए यह करें-

- एसिड फ्री भोजन करें और शरीर में एसिड को जमने से रोकें।
- शरीर से एसिड का सफाया करने वाले जरूरी पोषक तत्वों को शरीर में रोकने की कोशिश करें, जिससे एसिड शरीर में ही जल जाए।

**खानपान का रखें खयाल**

ऑर्थराइटिस से निपटने के लिए जरूरी है ऐसा भोजन जो यूरिक एसिड को न्यूट्रल कर दे। ऐसे तत्व हमें रोजाना के भोजन से प्राप्त हो सकते हैं। इसके लिए विटमिन सी व ई और बीटा कैरोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थो का इस्तेमाल किया जाना चहिए। इसके अलावा इन बातों पर भी ध्यान दें -

- ऐसी चीजें खाएं जिनमें वसा कम से कम हो। कुछ ऐसी चीजें भी होती हैं जिनमें वसा होता तो है लेकिन दिखता नहीं। जैसे-
- केक, बिस्किट, चॉकलेट, पेस्ट्री से भी बचें।
- दूध लो फैट पिएं।
- योगर्ट और चीज आदि भी अगर ले रहे हों तो यह ध्यान रखें कि वह लो फैट ही हो।
- चीजों को तलने के बजाय भुन कर खाएं।
- कभी कोई चीज तल कर ही खानी हो तो उसे जैतून के तेल में तलें।
- चोकर वाले आटे की रोटियों, अन्य अनाज, फलों और सब्जियों का इस्तेमाल करें।
- चीनी का प्रयोग कम से कम करें।

# हेल्थ प्लस

## बच्चों को बचाएं यूटीआई से



**अकसर** आपको बच्चों में होने वाली कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पडता है, यूटीआई (यूरिनरी ट्रैक इनफेक्शन) भी उनमें से एक है। यूटीआई के बारे में जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि यूरिनरी ट्रैक क्या है? दरअसल यूरिनरी ट्रैक छह प्रमुख अंगों-दो किडनी, दो यूरेटर, ब्लैडर और यूरिथ्रा से मिलकर बना होता है। किडनी हमारे शरीर के रक्त को साफ करके उसमें मौजूद अवांछित तत्वों को हटाकर यूरिन के जरिये शरीर से बाहर निकालने का काम करता है। सबसे पहले किडनी खून की सफाई करता है और सफाई के बाद जो गंदा तरल पदार्थ निकलता है, वह यूरेटर के रास्ते ब्लैडर में जमा हो जाता है। जब ब्लैडर पूरी तरह भर जाता है तब यूरिथ्रा पर दबाव पडता है। इसी वजह से टॉयलेट जाने की जरूरत महसूस होती है। कभी-कभी बच्चों को इसी यूरिनरी ट्रैक में इनफेक्शन हो जाता है, जिसकी वजह से उन्हें काफी तकलीफ होती है।

**प्रमुख लक्षण** : अब सवाल यह उठता है कि इस बात की पहचान कैसे की जाए कि किसी बच्चे को यूटीआई की समस्या है। बच्चे स्वयं इस समस्या के बारे में बताने में सक्षम नहीं होते। इसलिए आपके लिए यह बहुत जरूरी है कि आप इसके लक्षणों की पहचान कर सकें। यूटीआई के प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं :

1. यूरिन में जलन 2. प्राइवेट पार्ट्स में खुजली 3. बार-बार टॉयलेट जाना 4. थोडा-थोडा यूरिन डिस्चार्ज होना और इस दौरान दर्द महसूस होना 5. यूरिन का रंग पीला होना और ज्यादा दुर्गंध आना 6. ज्यादा इनफेक्शन की स्थिति में यूरिन के साथ ब्लड आना 7. कंपकपाहट के साथ बुखार 8. भूख न लगना 9. कमजोरी और थकान महसूस होना 10. बच्चे का कद और वजन न बढना 11. एक वर्ष से कम उम्र का बच्चा अगर यूरिन डिस्चार्ज के समय रोए तो उसे यूटीआई इनफेक्शन की आशंका हो सकती है।

**क्या हैं कारण**

- किसी भी बच्चे को यूटीआई हो सकता है लेकिन लडकों की तुलना में लडकियों में यह समस्या ज्यादा होती है।
- खानपान में गडबडी की वजह से अगर बच्चे के खून में इनफेक्शन हो तो उसकी वजह से भी उसे यूटीआई हो जाता है।
- यूरिनरी ट्रैक में स्टोन की वजह से भी यह समस्या हो सकती है
- यूरिनरी ट्रैक की संरचना में जन्मजात गडबडी की वजह से भी बच्चों को यूटीआई हो सकता है।
- गर्मियों के मौसम में शरीर में पानी की कमी की वजह से यह समस्या ज्यादा होती है।

**बचाव के उपाय**

- बच्चों की, खास तौर से लडकियों की सफाई का पूरा ध्यान रखें।
- टॉयलेट हमेशा साफ-सुथरा रखें।
- बच्चों के खानपान की स्वच्छता का भी खयाल रखें क्योंकि खुले में बिकने वाली चीजें खाने से अगर बच्चे के खून में इनफेक्शन हो तो इससे उसके यूरिन में भी इनफेक्शन आ जाता है।
- जब कभी बच्चे को ऐसी समस्या हो तो आप उसे पानी और तरल पदार्थो का सेवन ज्यादा से ज्यादा मात्रा में करने को कहें।
- बच्चों को हमेशा कॉटन फैब्रिक से बने इनरवेयर पहनने को दें।
- अगर ऊपर बताए गए लक्षणों में से कोई भी लक्षण बच्चे में दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें क्योंकि इनफेक्शन ज्यादा बढ जाने पर यह किडनी को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

# सिर दर्द की वजहें

**क्या** आप सिर दर्द से अकसर परेशान रहती हैं? अगर हां, तो जानिए इसकी वजह क्या है। कहीं उस सिर दर्द के पीछे आपकी लापरवाही तो नहीं? ऐसे बहुत से सामान्य कारण होते हैं, जिन पर हम ध्यान नहीं देते और बेवजह सिर दर्द झेलते रहते हैं। यदि इससे बचना चाहती हैं तो जानिए उन सामान्य कारणों और उनसे बचने के उपायों को।

**चुस्त परिधान**

बहुत चुस्त कपडे व टाइट बेल्ट लगातार एब्डॉमेन पर दबाव डालते हैं, जिससे अकसर सिर दर्द होता है। अधिक देर तक पेट को भीतर दबा कर रखने से कभी-कभी लगता है कि सिर फट जाएगा।

**क्या करें**

आरामदायक कपडे पहनें और खाना खाते समय पेट को टाइट न रखें। यदि बेल्ट बांधती हैं तो खाने से पहले उसे खोल दें व तुरंत खाने के बाद न बांधें। पेट कम करने के लिए या शरीर को आकर्षक दिखाने के लिए टाइट बेल्ट न बांधें, साथ ही लंबी दूरी यानी भविष्य की प्लानिंग करें। अभी जो कपडे फिट हों, वही खरीदें।

**गैस्ट्रोनॉमी**

बहुत मिर्च-मसाले का खाना खाने से, खाना मिस करने से और हैवी खाना खाने या जंक फूड खाने से पेट में जलन व गैस बनने की समस्या होती है। जिन्हें अधिक गैस बनती है उन्हें भी सिर दर्द परेशान करता है।



**क्या करें**

ऐसे खाने से बचें, जो एसिड बनाते हों। खाना खाने के तुरंत बाद लेटने से भी गैस्ट्रिक समस्या होती है। कम से कम सोने के दो घंटे पहले खाना खा लेना चाहिए। इसके अलावा खूब पानी पिएं। एंटी एसिड दवाएं भी फायदेमंद होंगी। यदि इन सभी गैस बनाने वाली समस्याओं से दूर रहेंगी तो सिर दर्द से भी बची रहेंगी।

**कहीं ये खुशबू तो नहीं**

कहीं आपका सिर उस समय तो दर्द नहीं करने लगता, जब आपके पति तैयार होकर सेंट छिडक रहे हों। या जब आप भीड भरे खुशबूदार माहौल में हों। यह भी हो सकता है कि आप ज्यादा सेंसिटिव हों। तेज महक से या यूं कहना चाहिए कि खुशबू से आपको एलर्जी हो।

**क्या करें**

बहुत आसान है कि जिन तेज फ्रेगरेंस से आपको परेशानी होती है, उनसे दूर रहें। उस समय वहां से दूर रहें, जहां डिओडरेंट या परफ्यूम स्प्रे हो रहा हो। याद रखें कि एक बार सिर दर्द हो गया तो दर्द की दवा के बिना आपको चैन नहीं मिलेगा।

**कैफीन की ओवरडोज**

अकसर कैफीन की अधिकता भी सिर दर्द का कारण बनती है। कुछ खाने वाली चीजों जैसे पुडिंग और केक में इतनी कैफीन होती है कि उन्हें खाने से सिर में दर्द हो जाता है। कुछ पेय पदार्थो जैसे कोला, कॉफी, लिकर और चाय के सेवन से भी ऐसा ही होता है।

**क्या करें**

इनमें से कुछ खाना हो तो अधिक मात्रा में न खाएं। इस पर भी ध्यान रखें कि जिनमें मोनो सोडियम ग्ल्यूटामेट हो, जैसे प्रोसेस्ड मीट और फिश, खमीर से बेक्ड खाना, रेड वाइन, सिट्रस फ्रूट और आर्टिफिशियल स्वीटनर वाली चीजें, अपने भोजन से एकदम कम कर दें।

**ब्रेन फ्रीज**

कई बार बहुत ठंडी आइसक्रीम या जमा हुआ कोल्ड ड्रिंक पीने से लगता है कि सिर में दर्द हो गया। इसे ही बेन फ्रीज कहते हैं, जो बहुत ठंडा खाने से या पीने से होता है। यदि आपको माइग्रेन की शिकायत है तो आपको इस ठंडे सिर दर्द से बच कर रहना पडेगा।

**क्या करें**

इसके लिए बहुत ठंडे व फ्रीज्ड पदार्थ खाने-पीने से जहां तक हो सके बचें।

**फैशन कारण तो नहीं**

कई बार जब आप कहीं जा रही होती हैं, तब आपको सिर दर्द होता है। देखिए, कहीं बहुत हेवी इयररिंग तो नहीं पहनीं या आपने टाइट बाल तो नहीं बनाए। हेवी इयररिंग से आपके कान नीचे लटक जाएंगे और टाइट बाल आपके बालों को पीछे की ओर खीचेंगे, इससे सिर में दर्द तो होगा ही।

**क्या करें**

लंबे लेकिन हलके इयररिंग पहनने के साथ बालों को ढीला बांधिए या खुला छोड दीजिए। फिर भी सिर दर्द नहीं जा रहा तो कोई पेन किलर लेना पडेगा।

**वातावरण ऐसा तो नहीं**

वातावरण में आया अचानक बदलाव, गरमी, तेज हवा, ह्यूमिडिटी भी सिर दर्द के जनक हैं। कभी-कभी सूरज की तेज रोशनी, ग्लेयर, फ्लोरेसेंट लाइटिंग या टेलिविजन स्क्रीन से भी ऐसा हो सकता है। साथ ही बहुत ठंडक होने से भी माइग्रेन होता है। एरोप्लेन में बैठने से या समुद्र में पानी केबहुत नीचे जाने से भी ऐसा हो सकता है। ड्राई व डस्टी, महक वाले या स्टफी कमरे, जिनमें खराब वेंटिलेशन हो भी सिर दर्द के कारण हो सकते हैं, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस निकलती है। प्रदूषण, धुंआ व सिगरेट के धुंए से भी सिर दर्द हो सकता है। कई बार तेज चुभने वाली आवाज से भी सिर में भयानक दर्द हो जाता है। इसे ही नॉयस पॉल्यूशन कहते हैं।

**क्या करें**

ऐसी स्थितियों से दूर रहने की कोशिश करें, आत्मनियंत्रण पर काम करें और नियमित मेडिटेशन करने का अभ्यास बनाएं। जिस कमरे में ज्यादा समय बिताती हैं, उस कमरे को हवादार रखें। रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। सफाई करते समय मास्क लगाएं, जिससे धूल से परेशानी न हो। बाहर जाते समय गॉगल्स लगाएं या छतरी का इस्तेमाल करें, जिससे तेज धूप से बची रहें। टीवी देखते समय या कंप्यूटर पर काम करते समय बिना नंबर का चश्मा लगाएं, जिससे आंखों पर जोर न पडे। इन उपायों पर अमल कर देखें, यदि अब भी सिर दर्द है तो तुरंत किसी कुशल चिकित्सक से संपर्क करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7९-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 1969



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 1968 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'

'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

□ □ □

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'

मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'

□ □ □

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'

'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'

'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'

□ □ □

एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'

दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'

पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'

'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 1969



**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1968



## सूडोकु -1969

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 1969



**बाएँ से दाएँ**

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

शब्द पहेली - 1968 का हल



## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए जवान खतरे से बाहर

**एजेंसरी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में करेंगुट्टा के जंगलों में नक्सलियों के लगाए आईईडी में ब्लास्ट में घायल हुए जवानों की हालत खतरे से बाहर है। करेंगुट्टा के जंगलों में नक्सलियों के लगाए आईईडी में ब्लास्ट में सुरक्षाबलों के 11 जवानों को बीती देर एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया। रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल के डॉक्टर पंकज धाबलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि सभी घायल जवान खतरे से बाहर हैं। उनका इलाज चल रहा है। रायपुर के एक निजी रामकृष्ण अस्पताल के आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर पंकज धाबलिया ने आज पत्रकारों को जानकारी दी कि बीजापुर में रविवार को ब्लास्ट की घटना के बाद रामकृष्ण हॉस्पिटल में 11 मरीजों को इमरजेंसी में लाया गया था। इसमें से चार से पांच जवानों की स्थिति गंभीर है, लेकिन नियंत्रण में है। 5 से 6 घायल जवान ऐसे हैं जिनको मामूली चोटें आई हैं, उनका ऑपरेशन हो गया है, स्थिति खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के बाद एक जवान को छुट्टी दे दी गई है। आईईडी ब्लास्ट की यह घटना बीजापुर के उसूर थाना इलाके की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, तथा कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन के जवान ऑपरेशन पर निकले थे। ऑपरेशन के दौरान 25 जनवरी को 6 धमाके हुए, जिसमें 11 जवान घायल हो गए। जिनमें से 10 डीआरजी के और एक कोबरा टीम का था।

## सांबा जिले में बॉर्डर पर घुसपैठ की कोशिश, बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया

**सांबा।** जिला सांबा की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रामगढ़ सेक्टर के माजरा पोस्ट के पास देर रात संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कार्रवाई करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया।अधिकारियों के अनुसार सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने घुसपैठिए को चुनौती दी, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद उसे ढेर कर दिया गया। घुसपैठिए के शव और उसके पास से बरामद सामान को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ अस्पताल भेज दिया गया है। घुसपैठिए की पहचान और सीमा पार करने के उद्देश्य को लेकर जांच जारी है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## सिलीगुड़ी के प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. महेंद्र नाथ राय को मिलेगा पद्मश्री सम्मान

**सिलीगुड़ी।** उत्तर बंगाल के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. महेंद्र नाथ राय को देश के प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा होते ही डॉ. राय भावुक हो उठे और उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण बताया। डॉ. महेंद्र नाथ राय उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के पूर्व डीन तथा अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रह चुके हैं। उन्होंने रसायन विज्ञान के क्षेत्र में दशकों तक शिक्षण, शोध और अकादमिक नेतृत्व के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया है। इसके साथ ही समाजसेवा के प्रति उनके निरंतर समर्पण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष उन्हें पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की गई है। सम्मान की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. राय ने कहा कि यह उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि वे एक किसान परिवार से आते हैं और बचपन से ही गरीबी को बहुत करीब से देखा है। इसके बावजूद उन्होंने हमेशा आम लोगों के साथ खड़े रहकर समाज के लिए कार्य करने का प्रयास किया।



## मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, कई जिलों से अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण बरामद

**इंफाल (मणिपुर)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों की ओर से लगातार चलाए जा रहे सघन अभियानों के तहत विभिन्न जिलों से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण बरामद किए गए हैं। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग, चुराचांदपुर और जिरिबाम जिलों में की गई इन समन्वित बरामदगियों से अवैध हथियार नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य राज्य में हिंसा को फैलने से रोकना और शांति व्यवस्था बहाल करना है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय की ओर से आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ये बरामदगियां विभिन्न पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले जंगली, पहाड़ी और संवेदनशील रिहायशी इलाकों में चलाए गए खुफिया सूचना आधारित लक्षित तलाशी अभियानों के दौरान की गईं। पुलिस के अनुसार, 25 जनवरी को चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन के तहत तेइजांग गांव के तेराखोंगशांग जंगल क्षेत्र से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक जब्त किए गए। इसमें मैगज़ीन सहित एक एम-ए ढ्ढ्ढ एमके ढ्ढ्ढ राइफल, एक एके मैगज़ीन, विभिन्न कैलिबर के 66 राउंड गोला-बारूद, दो उच्च-विस्फोटक हथगोले, लगभग 3.5 किलोग्राम वजनी तीन आईईडी और एक मजल-लोडिंग बैरल बंदूक शामिल है।

# प्रधानमंत्री मोदी की ईयू के नेताओं के साथ मुलाकात में दिखी गर्मजोशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां के हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं के गर्मजोशी भरे अभिवादन ने स्पष्ट संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने साझा तस्वीर खिंचवाते हुए दोनों यूरोपीय नेताओं के साथ हाथ उठाकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। वहीं यूरोपीय नेताओं ने भी हाथ पर हाथ रखकर भारत-ईयू साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकेत दिया।



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मुलाकात से पहले एक्स पर कहा कि यूरोप और भारत आज इतिहास रच रहे हैं। उन्होंने इस समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताते हुए कहा कि दो अरब लोगों का एक मुक्त व्यापार क्षेत्र अस्तित्व में आया है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा और यह रणनीतिक रिश्तों की मजबूती की सिर्फ शुरुआत है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज भारत ऊर्जा सप्ताह के चौथे संस्करण में वर्चुअल संबोधन के दौरान इस व्यापार समझौते की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत और यूरोपियन संघ के बीच एक बहुत बड़ा समझौता हुआ है। दुनिया में लोग इसकी चर्चा, 'मदर ऑफ ऑल डिल' के रूप में कर रहे हैं।

## पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बीती रात अमृतसर से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को गिरफ्तार किया है। मुक्तसर साहिब पुलिस ने यह कार्रवाई उस समय की, जब गोल्डी बराड़ के माता-पिता दरबार साहिब के पास एक होटल में ठहरे हुए थे। गोल्डी बराड़ पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मास्टर माइंड है। पुलिस के अनुसार गोल्डी बराड़ के पिता शमशेर सिंह और उसकी मां प्रीतपाल कौर को गिरफ्तार किया गया है। करीब दो साल पहले शिक्षक से 50 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई थी। इस मामले में तीन दिसंबर, 2024 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। उस समय बंबीहा गैंग और गोल्डी बराड़ साथ-साथ काम कर रहे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोल्डी के परिजनों के पास आमदनी का कोई ठोस साधन नहीं है। गैंगस्टर के माता-पिता फिरौती से मिली रकम पर ही गुजर-बसर कर रहे थे।



## कर्नाटक के तुमकुरु में कार-ट्रक टक्कर में तीन सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत

**एजेंसी**

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस हादसे में तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के अनिकेत (42) और अभीर (44) तथा आंध्र प्रदेश के सनमोक्ति (35) के रूप में हुई है। तीनों बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे।

पुलिस ने बताया कि सभी लोग बेंगलुरु से गोकर्ण, मुरुदेश्वर और उडुपी की यात्रा पर गए थे। सोमवार सुबह बेंगलुरु लौटते समय नेलहाल गांव के पास यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क पर चढ़ाई होने के कारण भारी सामान से लदा ट्रक धीमी गति से चल रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही मारुति अर्टिगा कार ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक के नीचे फंस गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार में फंसे लोगों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। चालक समेत



चार लोग घायल हुए हैं। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य तीन घायलों को खतरे से बाहर बताया गया है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तुमकुरु के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक केवी और कोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी अशोक केवी ने बताया, 'चढ़ाई के कारण ट्रक धीमी गति से चल रहा था। कार तेज रफ्तार में पीछे से ट्रक से टकरा गई। यह जांच की जा रही है कि चालक को नींद आ गई थी या लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई।' फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने विश्व महिला शिखर सम्मेलन का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**चेन्नई,।** नंदंबक्कम स्थित ट्रेड सेंटर में दो दिन के विश्व महिला शिखर सम्मेलन का मंगलवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उच्च पदों पर भी पुरुषों के बराबर महिलाओं की भागीदारी होने को जरूरी बताते हुए कहा कि महिलाएं ही समाज की रीढ़ हैं। सम्मेलन में मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के समान आगे आना चाहिए। उच्च पदों पर भी पुरुषों के बराबर महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। केवल महिलाओं के अधिक संख्या में काम पर जाने से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। महिलाएं ही समाज की रीढ़ हैं। जनसंख्या का आधा हिस्सा होने के बावजूद यदि महिलाएं आगे नहीं बढ़ेंगी तो कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं की उन्नति के लिए कई योजनाएं शुरू कीं हैं। संपत्ति में महिलाओं को अधिकार, पुलिस विभाग में महिलाओं की नियुक्ति जैसे अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मॉडल शासन में भी अब तक की तुलना में अधिक योजनाएं लागू की गई हैं। इनमें प्रमुख है निःशुल्क 'विडियल' बस यात्रा योजना, जिससे बसों में



यात्रा करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। पुदुमै पेन योजना के माध्यम से कॉलेज आने वाली छात्राओं की संख्या में वृद्धि हुई है। कई स्थानों पर थोझी छात्रावास खोले गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमियों की संख्या भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि 1.30 लाख परिवारों की महिला मुखियाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी कई योजनाएं शुरू की गई हैं। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण योजना लागू की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'कावलन हेल्प ऐप' शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व महिला शिखर सम्मेलन में तमिलनाडु की महिलाओं को मैं यह आश्वासन देता हूं कि मेरी सरकार महिलाओं के लिए रोजगार, प्रगति और सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचा तैयार करेगी।

# शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा, तीनों शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ

**एजेंसी**

**जबलपुर।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष्पीठ के जगदुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच विवाद में द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का खुला समर्थन किया है।

स्वामी सदानंद सरस्वती के अनुसार, शंकराचार्य की नियुक्ति शास्त्रोक्त उत्तराधिकार परंपरा से होती है। उन्होंने तर्क दिया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उनके गुरु भाई हैं और श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य द्वारा उनका अभिषेक किया गया है, जो उनकी वैधता को पुख्ता करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन असली शंकराचार्यों के महत्व को कम करने के लिए नकली संतों को बढ़ावा दे रहा है, जो सनातन परंपरा



के लिए घातक है।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ब्राह्मणों पर अत्याचार करने वाला कभी सुखी नहीं रहता और इस पूरे प्रकरण में राजनीति का प्रवेश होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के अन्य तीनों शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ खड़े हैं। उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी सरकारी तंत्र को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी शंकराचार्य से उनकी प्रामाणिकता का प्रमाण मांगे।

स्वामी सदानंद सरस्वती ने ब्राह्मण छात्रों बटुकों के साथ की गई कथित बर्बरता पर प्रशासन की इस कार्रवाई को निंदनीय करार देते हुए कहा कि निहत्थे बच्चों को बुरी तरह पीटना किसी भी सभ्य समाज और धार्मिक शासन के लिए शर्मनाक है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि प्रशासन अपनी गलती मानकर क्षमा मांग ले, तो यह गतिरोध तुरंत समाप्त हो सकता है।

## अहंकार नष्ट करने को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में संत यज्ञ अनुष्ठान

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या को माघ मेला में शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज सत्ता के अहंकार को नष्ट करने के लिए मंगलवार को संत यज्ञ अनुष्ठान कर रहे हैं। यह जानकारी शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगीराज सरकार ने दी। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज एवं उनके शिष्यों एवं भक्तों के साथ हुई घटना को लेकर सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारी क्षमा मांगने के बजाय नोटिस पे नोटिस जारी कर रहे हैं। शंकराचार्य महाराज ने गौमाता की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। लेकिन सरकार सत्ता के मद में चूर है, अहंकार में डूबी हुई है। सरकार की अहंकार नष्ट करने के लिए संगम की रेती पर संत हवन अनुष्ठान किया जा रहा है।

# कश्मीर में ताजा बर्फबारी से सड़क, रेल और हवाई यातायात बाधित

**एजेंसी**

**श्रीनगर,।** कश्मीर में मंगलवार को ताजा बर्फबारी हुई है, जिसके चलते श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया और हवाई सेवाएं भी बाधित हुईं। इस बर्फबारी के कारण घाटी पूरी तरह से बर्फ से ढक गई। मौसम विभाग ने मंगलवार शाम तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना जताई है, जबकि कुछ स्थानों पर गरज या तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी होने की भी संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात भर ताजा बर्फबारी हुई। श्रीनगर समेत घाटी के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि ऊंचे इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी ने सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटक स्थलों को शीतकालीन सौंदर्य के स्वर्ग में बदल दिया। मध्य, उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के जिलों में बर्फबारी हुई है। हालांकि, बर्फबारी के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात बाधित हुआ। राजमार्ग पर किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं क्योंकि पटरियों पर बर्फ जमा होने के कारण



अधिकारियों ने बताया कि काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बर्फ हटाने का काम जारी रहने के बावजूद बनिहाल और बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली हवाई सेवाएं भी बाधित हुई हैं, क्योंकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर रनवे पर बर्फ जमा होने के कारण उड़ानें संचालित नहीं हो सकीं।

## प्रधानमंत्री ने मानसिक शांति और संतोष को बड़ी उपलब्धि बताया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संस्कृत भाषा में सुभाषित साझा कर शांति, संतोष, संयम और करुणा के महत्व को समझाया।



इस सुभाषित में प्रधानमंत्री ने जीवन में मानसिक शांति और संतोष को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा किए सुभाषित में कहा, शान्तितुल्यं तपो नास्ति न सन्तोषात् परं सुखम्। न तृष्णायाः परो व्याधिर्न च धर्मो दयापरः।। इस सुभाषित का अर्थ है कि शांति से बड़ा कोई तप नहीं है, संतोष से बढ़कर कोई सुख नहीं होता, तृष्णा यानी लालच से बड़ा कोई रोग नहीं है और करुणा से बढ़कर कोई धर्म नहीं माना गया है।

# 'भारत पर्व' देश की आत्मा, यह विविधता और लोकतांत्रिक चेतना का सजीव उत्सवः ओम बिरला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किला परिसर में भारत पर्व का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 'भारत पर्व' भारत की आत्मा, उसकी सांस्कृतिक विविधता और लोकतांत्रिक चेतना का सजीव उत्सव है, जिसमें संस्कृति, लोकतंत्र, सृजनशीलता और राष्ट्रीय एकता एक साथ साकार रूप में दिखाई देती है। भारत पर्व केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह उन संविधानिक मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति है, जो देश को एक सूत्र में बांधते हैं। लोक सभा अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किला परिसर में 'भारत पर्व' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत पर्व आत्मनिर्भर भारत का जीवंत उदाहरण है, जो कला, शिल्प, व्यंजन, संगीत और विचारों के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसके




संविधान में निहित है, जो लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल मूल्यों पर आधारित है। भारत पर्व इन आदर्शों और आम नागरिकों के बीच एक सजीव सेतु का कार्य करता है तथा संस्कृति, परंपरा और सामूहिक उत्सव के माध्यम से संविधानिक मूल्यों को जनसुलभ बनाता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृति से जुडकर युवा अपनी जडों से पुनः जुडते हैं और नवाचार तथा राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित भविष्य का निर्माण करते हैं। भारत पर्व जैसे आयोजन पर्यटन को प्रोत्साहित करते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त बनाते हैं और हस्तशिल्प, हथकरघा तथा स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से आजीविका सृजन कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। ओम बिरला ने कहा कि इस उत्सव में गणतंत्र दिवस समारोह की भव्य झलक, सशस्त्र बलों की प्रेरक प्रस्तुतियां, देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां, रंग-बिरंगे हस्तशिल्प और हथकरघा बाजार, अखिल भारतीय व्यंजनालय तथा जीवंत लोक कला प्रस्तुतियां देखने को मिलती हैं। यह सब मिलकर भारत की बहुलतावादी पहचान को सशक्त रूप में प्रस्तुत करता है और यह दर्शाता है कि विविधता भारत की चुनौती नहीं, बल्कि उसकी सबसे बडी शक्ति है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे भारत की जीवंत परंपराओं के संरक्षक और देश की सांस्कृतिक एवं नैतिक शक्ति के मजबूत स्तंभ हैं। उनका सृजन केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि पीढी-दर-पीढी ज्ञान, मूल्य और कौशल के हस्तांतरण का माध्यम है। भारत पर्व उन्हें सम्मान, पहचान और आजीविका का गरिमामय मंच प्रदान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल एक ऐतिहासिक धरोहर नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक स्मृति का प्रतीक है। इसी स्थल से कभी स्वतंत्रता के स्वप्न ने आकार लिया था और आज यही स्थान भारत के सांस्कृतिक आत्मविश्वास के गौरवशाली प्रदर्शन का मंच बना है। इतिहास और आधुनिकता का यह संगम देश को अपनी सभ्यतागत जडों से जुड़े रहते हुए प्रगति के पथ पर आगे बढने की प्रेरणा देता है।

# कांग्रेस कुर्सी के अहंकार में कैद, पार्टी में हो रही हिट-एंड-रन की राजनीतिः मुख्तार अब्बास नकवी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम में नॉर्थ-ईस्ट का पारंपरिक पटका न पहनने को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे सामंती अहंकार और सुल्तानी सोच का प्रतीक बताया है। समाचार एजेंसी मंगलवार को खास बातचीत में मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की असली समस्या उनकी सोच है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व आज भी कुर्सी के अहंकार में कैद है और जनता की भावना को समझने में पूरी तरह विफल हो चुका है। नकवी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन की घटना में आपने इस जिद्दी रवैये का नतीजा देखा। कांग्रेस और राहुल गांधी सामंती अहंकार और सुल्तान जैसी सोच से टूट चुके हैं। कांग्रेस



की राजनीतिक कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नकवी ने कहा कि पार्टी लगातार 'हिट-एंड-रन' की राजनीति, गुंडागर्दी और अराजकता के रास्ते पर चल रही है, जो अंततः उसे अपने ही विनाश की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी कारण कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही है। गणतंत्र दिवस परेड में राहुल गांधी की सीट को लेकर हुए विवाद पर भी नकवी ने तंज कसा।

उन्होंने कहा कि अब ये कहते हैं कि हमें फ्रंट में सीट नहीं मिली, हमें बैकबेंचर बना दिया गया। अरे भाई, कौन कहां बैठेगा यह जनता तय करती है। जनता चाहे तो आगे बैठाएगी, नहीं तो पीछे। लेकिन कांग्रेस की सोच और सनक आज भी कुर्सी की सनक में ही कैद है।

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस के मौजूदा स्वरूप पर हमला बोलते हुए कहा कि जो पार्टी कभी आम लोगों की आवाज हुआ करती थी, वह अब धीरे-धीरे एक एलीट क्लब में बदलती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज फैमिली फोटो फ्रेम में सिमट गई है और पार्टी पूरी तरह परिवारवाद और चंद लोगों के इर्द-गिर्द घूम रही है। नकवी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत यह है कि एग्जिट गेट पर भारी भीड़ है, लोग लगातार बाहर जा रहे हैं।

# भारतीय टीम चौथे टी20 में भी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टी20 क्रिकेट मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले तीन मैचों में जीत के साथ ही सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त अपने नाम कर ली है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ है और वह वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारतीय टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी कीवी टीम पर भारी पड़ी है। भारतीय टीम इस मैच में सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर उतार सकती है। इसका कारण है कि सैमस पहले तीन मैचों में पारी की शुरुआत करते हुए असफल रहे हैं। उनकी जगह ईशान किशन को अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत का अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम की ओर से अभी तक कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा अभिषेक शर्मा सहित अन्य बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है पवर स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। ऐसे में अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए टीम इनके फार्म में आने की उम्मीद करेगी।

कुलदीप ने अबतक दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए पर अन्य गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या के अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम ने विरोधी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर जीत हासिल की। कुलदीप इससे पहले एकदिवसीय सीरीज में भी प्रभावित नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे।

वरुण को पिछले मैच में आराम दिया गया था पर पहले दो मैच में भी उनकी गेंदबाजी बेअसर रही। ऐसे में ये भी हो सकता है कि इस मैच में रवि बिश्नोई ही उतरें। बिश्नोई ने पिछले मैच में 18 रन देकर दो विकेट लिए थे। इस मैच में वापसी कर रहे ऑलराउंडर अक्षर पटेल उतरते हैं तो उनकी फिटनेस पर भी सबकी नजरें रहेंगी। वह उंगली में चोट के कारण पिछले दो




मैचों से बाहर थे।

भारतीय टीम चाहेगी कि इस मैच से उसके स्पिनर भी लय हासिल कर लें जहां तक बल्लेबाजी की बात है टीम शीर्ष पर बनी हुई है। भारत की बल्लेबाजी पिछले दोनो ही मैचों में आक्रामक रही है। उसने दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में काफी तेजी से रन बनाकर जीत दर्ज की है। इस मैच में भी यही कहानी रह सकती है। इस श्रृंखला में सीरीज में केवल सैमसन ही असफल रहे हैं। वह तीन मैचों में 5.33 की औसत से 16 रन ही बना पाए हैं जिससे टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए हैं पर तिलक वर्मा के बाहर होने से उन्हें इस मैच में भी बनाये रखने की उम्मीदें हैं।

वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम अब तक इस सीरीज में भारतीय टीम के सामने टिक नहीं पायी है। उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। वहीं गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाये हैं। तेज गेंदबाज जेकब डफी के अलावा मैट हेनरी , काइल जैमीसन के अलावा स्पिनर मिचेल सैंटनर भी विफल रहे हैं। अब बचे हुए दो मैचों में कीवी टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन कर टी20 विश्वकप से पहले लय हासिल करने का प्रयास करेंगे।

### टीम इस प्रकार है

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

**न्यूजीलैंडः** मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में बड़ा उलटफेर, एलिना ने कोको गॉफ का विजय रथ रोका



**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व की 12वीं नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने मंगलवार को विश्व की तीसरी नंबर की खिलाड़ी और दो बार की ग्रैंड स्लैम विजेता कोको गॉफ को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई। 19 बार की डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय विजेता, जिन्होंने अभी तक अपना पहला ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है, ने अपनी जीत की राह में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबलेंका के खिलाफ मुकाबले के लिए जगह पक्की कर ली है।

इस जीत के साथ, एलिना ने अपनी जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ा दिया है। क्वार्टरफाइनल में हुए एकतरफा मुकाबले में उन्होंने गॉफ को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराया। यह ग्रैंड स्लैम में उनका चौथा सेमीफाइनल है और ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहला। उनके नाम विंबलडन में दो और यूएस ओपन में एक सेमीफाइनल का रिकॉर्ड है। एलिना, जिन्होंने 2025 में ÷स्वस्थ होने और ऊर्जा प्राप्त करने÷ के लिए अपना सीज़न समय से पहले समाप्त कर दिया था, 31 वर्षीय खिलाड़ी वापसी के बाद से शानदार फॉर्म में हैं।

उन्होंने इस महीने की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना 19वां खिताब जीता और अपने करियर की तीसरी सबसे लंबी जीत की लय पर हैं (2017 में उन्होंने लगातार 15 मैच जीते थे, और 2025 में उन्होंने लगातार 11 मैच जीते), जैसा कि डब्ल्यूटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर बताया गया है। उन्होंने अब तक केवल एक सेट गंवाया है, जो ऑकलैंड क्वार्टरफाइनल में सोनाय कार्टल के खिलाफ था। इस जीत के साथ उन्होंने अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी की है।

उन्होंने डब्ल्यूटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा कि बुरा नहीं, बिल्कुल भी बुरा नहीं। मातृत्व अवकाश के बाद शीर्ष 10 में वापसी करना हमेशा से मेरा सपना रहा है, यही मेरा लक्ष्य रहा है। इससे पहले, सबलेंका ने 18 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी इवा जोविक के ऑस्ट्रेलियन ओपन के शानदार सफर को चकनाचूर कर दिया और रॉड लेवर एरिना में 90 मिनट से भी कम समय में 6-3, 6-0 से जीत हासिल की।

## टी20 मुकाबले दिन में कराये जायें : अश्विन



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि टी20 क्रिकेट मुकाबले दिन के समय होने चाहिये। अभी ये मुकाबले रात में होते हैं। अश्विन ने कहा कि आने वाले समय में मैचों को दिन में रखने से गेंदबाजों को भी सहयता मिलेगी जिससे गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बना रहेगा। अश्विन ने कहा कि अभी रात में मैच होने से बल्लेबाज हावी रहते है और बड़ा लक्ष्य भी हासिल कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भारतीय टीम ने 200 रनों से अधिक का लक्ष्य पांच ओवर पहले ही हासिल कर लिया। जिससे समझा जा सकता है कि ओस के दौरान गेंदबाजी करना कितना कठिन होता है। ऐसे में मैच में गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं रह जाता है।

अश्विन ने कहा कि ओस के कारण गेंदबाजों के लिए असर डालना असंभव सा होता है। अश्विन ने पर कहा, 'भारत की बल्लेबाजी के दौरान न्यूजीलैंड के गेंदबाज निराश दिखे थे। ऐसी ओस में टीमों को खेलने के भेजना सहीं नहीं है। ऐसे हालात में क्रिकेट कौशल की जरूरत ही नहीं पड़ती।,' वहीं अगर इन्हीं पिचों पर दोपहर में मैच खेले जायें तो 150 से 170 रन भी मुश्किल से बनें।' अश्विन के अनुसार ओस के कारण अच्छी गेंद पर भी रन बन जाते हैं। इसलिए इस प्रकार के असंतुलन' को हटाना जरुरी हैं। दिन और रात में विकेट में काफी अंतर होता है। भारत में ऐसा होता ठीक नहीं है। बहुत ही गलत है अच्छी गेंद पर भी रन बन जाते हैं और गेंदबाजों के पास कोई विकल्प नहीं बचता। बल्ले और गेंद के बीच का असंतुलन काफी रहता है।,'

अश्विन ने आगे कहा, 'मेरा मानना है कि न्यूजीलैंड अपनी गेंदबाजों में बदलाव के लिए नहीं बढ़ेगा क्योंकि वह जानता है कि गेंदबाजों के हाथ में ज्यादा कुछ नहीं था। वहीं कई बार ऐसा होता है कि टीमें इस प्रकार के माहौल में हालात नहीं देखते हुए खिलाड़ी को बाहर कर देती हैं। इस दौरान ये नहीं देखा जाता कि खिलाड़ी के हाथ में कुछ नहीं था।

# जोस बटलर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, इस मुकाम तक पहुंचने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने




**कोलंबो (श्रीलंका) (एजेंसी)।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे इंग्लैंड खिलाड़ी बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मंगलवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 35 वर्षीय खिलाड़ी दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन से ठीक पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड के लिए सभी फॉर्मेट में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं।

विश्व क्रिकेट के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक एंडरसन ने थ्री लायंस के लिए 401 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस महान क्रिकेटर ने सभी फॉर्मेट में 991 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर बटलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 शतकों के साथ 12291 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में बटलर ने 57 मैचों और 100 पारियों में 31.94 की औसत से 2907 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सबसे लंबे फॉर्मेट में दो शतक और 18 अर्धशतक बनाए हैं। वनडे में बटलर ने 198 मैचों और 171 पारियों में 39.11 की औसत से 5515 रन बनाए हैं। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 11 शतक और 29 अर्धशतक बनाए हैं।

टी20आई में बटलर ने 144 मैचों और 132 पारियों में 35.49 की औसत से 3869 रन बनाए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 1 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। दो बार ICC व्हाइट-बॉल खिताब जीत चुके बटलर आगामी ICC पुरुष टी20 विश्व कप 2026 का भी हिस्सा हैं, जो 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। इंग्लैंड ने आगामी ICC टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक को कप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड 8 फरवरी को नेपाल के खिलाफ अपने टी20 वर्ल्ड कप 2026 अभियान की शुरुआत करेंगे।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए इंग्लैंड टीम

हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टंग, ल्यूक वुड।

## सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

मेलबर्न । बेलारुस की महिला टेनिस स्टार एरिना सबालेंका जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका कीइवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ये मैच तेज गरमी में खेला गया। सबालेंका ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहले सेट में ही 3-0 की बढ़त बना ली। अमेरिकी खिलाड़ी ने वापसी का प्रयास किया पर असफल रही। कीइवा ने नौवें गेम में ब्रेकअंक के तीन अवसर हासिल किये पर सबालेंका ने अपना दबदबा बनाये रखा। वहीं दूसरे सेट में सबालेंका ने दो अंक लेकर 5-0 की बढ़त बनाई और जैच जीत लिया। सबालेंका ने मैच के कहा, पिछले कुछ दौर में मुझे उभरती खिलाड़ियों से कड़ संघर्ष के बाद जीत मिली। ये मैच भी उन्हीं में से एक था। इस प्रकार के मुकाबले खेलने से ही खेल का स्तर बढ़ता है।

## पीसीबी प्रमुख नकवी ने बांग्लादेश को विश्वकप बहिष्कार के लिए भड़काया : राजीव शुक्ला

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को टी20 विशकवप का बहिष्कार करने के लिए उकसाया था। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आरोप लगाया है कि इस सब के पीछे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नक़वी हैं। नकवी ने ही बीसीबी को भारत में नहीं खेलने के लिए भड़काया था। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। बंग्लादेश बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से भारत में इस टूर्नामेंट को खेलने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी जगह पर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल कर लिया था। शुक्ला ने कहा कि पीसीबी ने इस मामले में एक प्रकार से साजिश की है। उन्होंने कहा, पीबीबी ने बिना किसी कारण के इस मामले में बांग्लादेश को भड़कायाहै। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने पूर्व में बांग्लादेश के लोगों पर क्या अत्याचार किए हैं और अब वे उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। शुक्ला ने साफ कहा कि बीसीसीआईद्ध चाहती थी कि बांग्लादेश टूर्नामेंट में खेले। हम चाहते थे कि बांग्लादेश खेले और हमने उन्हें पूरी सुरक्षा का आश्वासन भी दिया था प जब उन्होंने यह फैसला ले लिया, तो अंतिक समय पर कार्यक्रम में बदलाव करना संभव नहीं था। इसी वजह से स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।



# अंडर-19 वर्ल्ड कप में वैभव सूर्यवंशी का तूफान, जिम्बाब्वे के खिलाफ ठोका शानदार अर्धशतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर अपने आक्रामक खेल से सुर्खियों में आ गए हैं। अंडर-19 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए अहम मुकाबले में वैभव ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाज़ी करते हुए शानदार अर्धशतक जड़ा। उनकी यह पारी भले ही शतक में नहीं बदल सकी, लेकिन भारत को मजबूत शुरुआत दिलाने में निर्णायक साबित हुई। लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी लगाकर वैभव ने यह साफ कर दिया है कि वह इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे अहम बल्लेबाजों में से एक हैं।

### पावरप्ले में वैभव का आक्रामक तेवर

बुलवायों में खेले जा रहे इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही जिम्बाब्वे के गेंदबाज़ों पर दबाव बना दिया। उन्होंने बिना समय गंवाए बड़े शॉट खेलने शुरू किए और मैदान के चारों ओर रन बटोरे। उनकी बल्लेबाज़ी में आत्मविश्वास और आक्रामकता साफ झलक रही थी, जिससे जिम्बाब्वे की टीम बैकफुट पर चली गई।

### 30 गेंदों में 52 रन, स्ट्राइक रेट ने मचाया धमाल

वैभव ने इस मैच में सिर्फ 30 गेंदों का सामना करते हुए 52 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और चार लंबे छक्के निकले। 173.33 के स्ट्राइक रेट से खेली गई यह पारी टी20 अंदाज़ की याद दिलाने वाली थी, जिसने भारत को तेज़ शुरुआत दी। जब वैभव आउट हुए, तब टीम का स्कोर 101 रन था, जिसमें आधे से ज़्यादा रन अकेले उनके खाते में थे।

### एरॉन जॉर्ज और कप्तान आयुष म्हात्रे का योगदान

वैभव के साथ पारी की शुरुआत करने वाले एरॉन जॉर्ज ने भी शुरुआती ओवरों में तेज़ बल्लेबाज़ी की। उन्होंने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए, जिससे भारत की रनगति बनी रही। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे क्रीज पर आए और उन्होंने 19 गेंदों में 21 रन जोड़े। अपनी पारी में कप्तान ने एक चौका और दो छक्के लगाए। हालांकि, कप्तान के आउट होने के तुरंत बाद वैभव भी पवेलियन लौट गए, जिससे भारत को एक साथ दो झटके लगे।

### वर्ल्ड कप में दूसरा अर्धशतक, लगातार दिखा दम

जिम्बाब्वे के खिलाफ यह अर्धशतक वैभव सूर्यवंशी का अंडर-19 वर्ल्ड कप में दूसरा अर्धशतक रहा। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ भी शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 72 रन बनाए थे। उस पारी में उन्होंने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाए थे। हालांकि वह पारी अपेक्षाकृत धीमी थी, लेकिन उसमें शतक की पूरी उम्मीद नजर आ रही थी।




### अनिश्चितता ही वैभव की सबसे बड़ी ताकत

वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी की सबसे बड़ी खासियत उनकी अनिश्चितता है। जिस अंदाज़ में वह शॉट्स खेलते हैं, उससे गेंदबाज़ और फील्डर दोनों ही अंदाज़ा नहीं लगा पाते कि अगली गेंद पर क्या होने वाला है। यही वजह है कि वह विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखते हैं।

## महिला प्रीमियर लीग अंक तालिका में आरसीबी शीर्ष पर बरकरार



नवी मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम पिछले दो मैचों में मिली हार के बाद भी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में नंबर एक पर बनी हुई है। टीम को अबतक पांच जीत मिली है। आरसीबी ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है हालांकि लीग चरण के अंतिम दो मुकाबलों में उसे हार मिली थी। इससे टीम का फाइनल तक का प्रवेश बाधित हुआ है। हालांकि अभी भी टीम अंक तालिका में सबसे ऊपर है। अन्य कोई टीम अभी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है। अब तक आरसीबी के सबसे अधिक 10 अंक हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के 6 अंक पर पर ये उसने 7 मैचों में हासिल किये हैं। गुजरात जायंट्स के भी 6 अंक हैं पर नेट रन रेट मुम्बई का अधिक होने के कारण वह दूसरे नंबर पर है। गुजरात तीसरे और दिल्ली कैपिटल्स चौथे नंबर पर है। दिल्ली की टीम भी 6 में से 3 मुकाबले जीतकर तीसरे नंबर पर है। वहीं यूपी वॉरियर्स 6 में से 2 ही मुकाबले जीतकर अंतिम स्थान पर है। अब यूपी वॉरियर्स के पास प्लेऑफ के लिए जगह बनाने का अंतिम अवसर है पर इसके लिए यूपी को अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे। इनमें से उसका एक मैच आरसीबी और एक मैच दिल्ली के खिलाफ है। अभी आरसीबी के क्वालीफाई करने के बाद भी चारों टीमों के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का अवसर है। इसमें दूसरे और तीसरे नंबर की टीम को एलिमिनेटर खेलना है, जबकि शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।

# एचआईएल 2025-26: हॉकी इंडिया लीग फाइनल में कलिंगा लांसर्स की जीत, दूसरी बार बने चैंपियन

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया लीग (HIL) 2025-26 का खिताब ने अपने नाम कर लिया। भुवनेश्वर में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में लांसर्स ने रांची रॉयल्स को 3-2 से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। घरेलू दर्शकों के सामने खेले गए इस मुकाबले में बेल्जियम के ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने शानदार प्रदर्शन किया।

### अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स की चमक, दिलप्रीत ने दिया अहम योगदान

फाइनल में अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (4वें और 27वें मिनट) ने दो शानदार गोल दागकर कलिंगा लांसर्स की जीत की नींव रखी। इसके अलावा दिलप्रीत सिंह (25वां मिनट) ने रिबाउंड पर तेजी दिखाते हुए गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

रांची रॉयल्स की ओर से अराइजीत सिंह हुंडाल (9वां मिनट) और कप्तान टॉम बून (59वां मिनट) ने गोल किए, लेकिन टीम जीत तक नहीं पहुंच सकी।

### तेज़ रफ्तार से शुरू हुआ फाइनल मुकाबला

फाइनल मैच की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। दोनों टीमों ने शुरुआती मिनटों से ही लगातार सर्कल एंट्री बनाईं। चौथे मिनट में कलिंगा लांसर्स को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर हेंड्रिक्स ने ताकतवर ड्रैग-फ्लिक से गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

### हुंडाल का शानदार जवाब, स्कोर हुआ बराबर

हालांकि लांसर्स की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। नौवें मिनट में यशदीप सिवाच ने लेफ्ट फ्लैंक से शानदार पास निकाला, जिसे अराइजीत सिंह हुंडाल ने बेहतरीन कंट्रोल के बाद गोल में तब्दील कर स्कोर 1-1 कर दिया।

### दूसरे क्वार्टर में लांसर्स का दबदबा

दूसरे क्वार्टर में कलिंगा लांसर्स ने लगातार दबाव बनाया और कई पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। 25वें मिनट में हेंड्रिक्स के ड्रैग-फ्लिक को गोलकीपर सूरज करकेरा ने रोका, लेकिन दिलप्रीत सिंह ने रिबाउंड पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए गोल दाग दिया।

इसके दो मिनट बाद ही हेंड्रिक्स ने एक और सटीक ड्रैग-फ्लिक के जरिए स्कोर 3-1 कर दिया और लांसर्स हाफ टाइम तक मजबूत स्थिति में पहुंच गए।

### दूसरे हाफ में रांची की जोरदार वापसी की कोशिश

ब्रेक के बाद रांची रॉयल्स ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण रखा और संयम के साथ वापसी की कोशिश की। 36वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान टॉम बून का शॉट पहले रशर ने रोक दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में हुंडाल को गोल का बेहतरीन मौका मिला, लेकिन कलिंगा लांसर्स के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने शानदार बचाव कर टीम को राहत दी।

### आखिरी क्वार्टर में पाठक बने दीवार

चौथे क्वार्टर में खेल लगभग पूरी तरह कलिंगा लांसर्स के हाफ में सिमट गया। रांची रॉयल्स ने लगातार हमले किए, लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने सैम लेन, टॉम बून और नीलम संजीप ज़ेस के शॉट्स को रोकते हुए कई बेहतरीन सेव कीं।

59वें मिनट में टॉम बून ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर स्कोर 3-2 किया, लेकिन समय की कमी के चलते रांची बराबरी नहीं कर सकी।




### कलिंगा लांसर्स का दूसरा HIL खिताब

यह कलिंगा लांसर्स का दूसरा हॉकी इंडिया लीग खिताब है। इससे पहले टीम ने 2017 में भी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। दिन के पहले मुकाबले में हैदराबाद तूफान्स ने HIL GC को 4-3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### HIL 2025-26 के व्यक्तिगत पुरस्कार

फेयरप्ले अवॉर्डः HIL GC

बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंटः प्रिंस दीप सिंह (तमिलनाडु ड्रैगन्स)

इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः तालिम प्रियबर्ता (HIL GC)

टॉप स्कोरर ऑफ द टूर्नामेंटः टॉम बून (19 गोल)

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः अमनदीप लकरा (हैदराबाद तूफान्स)

## स्कॉटलैंड ने टी20 विश्वकप के लिए घोषित की टीम, बेरिंगटन करेंगे कप्तानी

एडिनबर्ग। स्कॉटलैंड ने अगले माह होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश के विश्वकप से हटने के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया है। इस टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड की कप्तानी रिची बेरिंगटन करेंगे। 15 सदस्यीय टीम के साथ ही जैस्पर डेविडसन और जैक जार्विस को ट्रैवल रिजर्व के तौर पर रखा गया है। वहीं मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर नॉन ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में रखे गये हैं। स्कॉटलैंड की टीम को बांग्लादेश की जगह पर टूर्नामेंट के ग्रुप सी में रखा गया है। इस ग्रुप में स्कॉटलैंड के साथ वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, इटली और नेपाल की टीमें भी शामिल हैं। स्कॉटलैंड को अपने सभी लीग मैच भारत में खेलने हैं। टीम को तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में जबकि उसका अंतिम आखिरी लीग मैच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 7 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दोपहर 3ः00 बजे से खेलना है। वहीं 09 फरवरी को इटली से भी कोलकाता में ही खेलना है पर ये मैच सुबह 11 बजे शुरु होगा। वहीं उसका 14 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला भी कोलकाता में दोपहर तीन बजे से होगा। उसका अंति मैच 17 फरवरी को कोलकाता में नेपाल के खिलाफ शाम 7 बजे से होगा।

टीम इस प्रकार है : रिची बेरिंगटन (कप्तान), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, ज़ैनुल्लाह इहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलन, जॉर्ज मुन्सी, सफयान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील।

ट्रैवलिंग रिजर्व प्लेयर : जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस।

नॉन ट्रैवलिंग रिजर्व प्लेयर : मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर।



## 'सैयारा' फेम अहान पांडे से कंपैरिजन पर क्या बोले अहान शेट्टी?

पिछले साल अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। अहान पांडे एक चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के कजिन हैं। जल्द ही सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी फिल्म 'बॉर्डर 2' से अपनी तकदीर दोबारा लिखेंगे। इससे पहले उन्होंने छह साल पहले एक फिल्म 'तड़प' की थी। हाल ही जब अहान शेट्टी का कंपैरिजन, अहान पांडे से हुआ तो उन्होंने इस बारे में अपना नजरिया बताया। साथ ही पिता सुनील शेट्टी की एक सलाह का भी जिक्र किया।

### क्या बोले अहान शेट्टी?

इंटरव्यू में अहान शेट्टी कहते हैं, 'आज लोग सिर्फ 2 से 3 मिनट की क्लिप देखकर ही रिएक्ट कर देते हैं। मैं जानता हूं कि मेरे और अहान पांडे के बीच कंपैरिजन हो रहा है। मैं अहान पांडे को जानता हूं। यह भी जानता हूं कि उसने फिल्म 'सैयारा' के लिए कितनी मेहनत की थी। हमारे बीच कोई रेस नहीं है। हम दोनों के अलग-अलग करियर हैं। हम दोनों एक-दूसरे की रेस्पेक्ट करते हैं। हम सब एक ही इंडस्ट्री का हिस्सा हैं लेकिन सोशल मीडिया के दौर में लोगों को एक-दूसरे का सपोर्ट नहीं दिखता है।' अहान शेट्टी की डेब्यू फिल्म 'तड़प' नहीं चली थी। इसके बाद वह किसी फिल्म में नजर नहीं आए। अब छह साल बाद 'बॉर्डर 2' का हिस्सा बने हैं। ऐसे में पिता की एक सीख को वह काफी अहमियत देते हैं। वह बताते हैं कि पिता और अभिनेता सुनील शेट्टी ने फिल्मी दुनिया की एक कड़वी सच्चाई उन्हें बताई। अहान शेट्टी कहते हैं, 'पापा ने कहा था बाकी किसी फील्ड में जब आप गिरते हो तब आप दोबारा खड़े हो सकते हो। लेकिन जब आप फिल्मी दुनिया में गिरते हो, असफल होते हो तो तब दुनिया की नजर आपके ऊपर होती है। लोग आपको महसूस कराते हैं कि आप कुछ भी नहीं हो। लोगों को लगता है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के हीरो नासमझ हैं। लेकिन यह सच नहीं है। हम भी स्मार्ट लोग हैं।'



## अपनी ही फिल्म 'लईकी लईका' में सरप्राइज देंगी राशा थडानी

फिल्म 'लईकी लईका' में राशा थडानी, मुंज्या फेम अभिनेता अभय वर्मा के साथ नजर आएंगी। फिल्म से मेकर्स ने पहला गाना 'छाप तिलक' रिलीज किया। खुद राशा ने भी इस गाने के रिलीज होने की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस गाने में क्या खास है?

### सिंगर बनीं राशा

फिल्म के इस पहले गाने 'छाप तिलक' की खास बात यह है कि एक्ट्रेस राशा ने खुद गाया है। इस गाने के जरिए राशा ने बतौर सिंगर डेब्यू किया है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। फिल्म के इस पोस्टर में राशा हुडी पहने नजर आ रही हैं। पोस्टर पर एक तरफ पंजाब के शहर फरीदकोट का नाम लिखा हुआ है वहीं दूसरी तरफ राशा का नाम लिखा है। राशा ने अपने इस कदम से फैंस को बता दिया कि वो एक मल्टीटैलेंटेड एक्ट्रेस हैं।

### इसी साल रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'लईकी लईका' के पोस्टर हाल ही में रिलीज हुए हैं। इसे सौरभ गुप्ता ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म की कहानी प्यार, दर्द और भरोसे पर केंद्रित होगी। यह इसी साल मार्च-अप्रैल में रिलीज होगी।



### तमन्ना ने किया सपोर्ट

राशा की इस पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने स्वीट रिएक्शन देते हुए लिखा- 'मैं इसका और इंतजार नहीं कर सकती।' इतना ही नहीं, तमन्ना ने राशा को सपोर्ट करते हुए एक इंस्टा स्टोरी भी साझा की। इसमें उन्होंने राशा के लिए लिखा- 'छुपी रुस्तम, क्या कमाल गाना गा रही हो..'

## कोहरा 2 में दिखाई देंगी मोना सिंह



कोहरा की अपार सफलता के बाद अब इसका दूसरा सीजन कोहरा 2 दर्शकों के लिए आ रहा है। मेकर्स ने हाल ही में इसकी ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा की है। सीरीज 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर ही उपलब्ध होगी। इस बार सीरीज में नया ट्विस्ट है। पहली बार दर्शकों ने बरुण सोबती को असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अमरपाल गरुंडी के किरदार में देखा था। अब वे फिर से अपने किरदार में लौट रहे हैं। उनके साथ इस सीजन में मोना सिंह नई कमांडिंग ऑफिसर धनवंत कौर की भूमिका में दिखाई देंगी। नया पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर के कैप्शन में आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें। इसके साथ मेकर्स ने कोहरा 2 का लिखा है... धुंध में सच खो जाता है।

## नयनतारा ने की मर्दानी 3 के ट्रेलर की तारीफ



रानी मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म मर्दानी 3 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म के ट्रेलर को साउथ की मशहूर एक्ट्रेस नयनतारा ने देखा है और इसकी तारीफ की है। उन्होंने इसका ट्रेलर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भी शेयर किया है। मर्दानी 3 के ट्रेलर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए नयनतारा ने लिखा सिर्फ एक ही रानी है, वह है रानी मुखर्जी। यह ट्रेलर वाकई आग लगाने वाला है। आपकी तरह कोई नहीं है। मैं इस फिल्म का इंतजार कर रही हूं। इसके साथ उन्होंने दिल और फायर वाला इमोजी बनाया है।

### कैसा है मर्दानी 3 का ट्रेलर?

फिल्म मर्दानी 3 रानी मुखर्जी की मशहूर फिल्म सीरीज मर्दानी का तीसरा पार्ट है। इस फिल्म में रानी एक निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में वापस आ रही हैं। ट्रेलर में एक डार्क और सीरियस कहानी दिखाई गई है जो क्राइम, दर्द और लापता लड़कियों के बारे में है। ट्रेलर पर दर्शकों ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे बहुत भावुक और असरदार बताया है।

### कब रिलीज होगी मर्दानी 3?

मर्दानी 3 में मल्लिका प्रसाद विलेन के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अभिराज मीनावाला ने किया है। यह फिल्म 30 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





## गोलमाल 5 पर रोहित और अजय ने शुरू किया काम, मुंबई में तैयार किए जा रहे हैं भव्य सेट्स

रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने ने आने वाले दो वर्षों के लिए एक ठोस सिनेमाई रोडमैप तैयार कर लिया है। इस प्लान का सबसे अहम पड़ाव है सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइज की अगली किस्त गोलमाल 5, जिस पर अब आधिकारिक तौर पर काम शुरू हो चुका है। फिल्म सिर्फ एक और सीक्वल नहीं, बल्कि फ्रेंचाइज को नए स्तर पर ले जाने की कोशिश मानी जा रही है। यही वजह है कि इसकी तैयारी पेपर से निकलकर सीधे बड़े स्तर पर प्रैक्टिकल एक्जीक्यूशन में बदल चुकी है। इस बार रोहित ने अपनी पुरानी शूटिंग स्ट्रैटेजी में भी बड़ा बदलाव किया है। गोवा या रामोजी फिल्म सिटी के बजाय गोलमाल 5 का बेस मुंबई फिल्म सिटी रखा गया है। यहां फिल्म के लिए कैफे, पुलिस स्टेशन और एक भव्य हवेली जैसे कई सेट्स बनाए जा रहे हैं, जिन पर तेजी से काम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ये सभी सेट्स अगले महीने तक तैयार हो जाएंगे। फरवरी 2026 के अंत से फिल्म की रेगुलर शूटिंग शुरू होगी, ताकि लंबे मैराथन शेड्यूल को बिना रुकावट पूरा किया जा सके।

### इस बार कहानी में एक फीमेल विलेन की भी होगी एंट्री

फिल्म की मुख्य स्टारकास्ट में इस बार अजय के साथ अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपदे और कुणाल क्येमू की वापसी लगभग तय मानी जा रही है, लेकिन इस बार सबसे बड़ा सरप्राइज शरमन जोशी की वापसी है, जो करीब 19 साल बाद गोलमाल फ्रेंचाइज में लौट रहे हैं। इसके अलावा, स्क्रिप्ट में एक और बड़ा बदलाव किया गया है। इस बार कहानी में एक फीमेल विलेन को अहम भूमिका दी गई है।

### धमाल 4 में कॉमेडी के साथ एक्शन भी दिखेगा

अजय के करियर के लिहाज से साल 2026 बेहद व्यस्त और अहम रहने वाला है। गोलमाल 5 के अलावा उनके पास दृश्यम 3, धमाल 4 और जगन शक्ति के निर्देशन में बन रही एक्शन फिल्म रेंजर भी लाइनअप में है। दृश्यम 3 की रिलीज 2 अक्टूबर 2026 के लिए तय मानी जा रही है, जबकि धमाल 4 में इस बार कॉमेडी के साथ बड़े स्तर का एक्शन देखने को मिलेगा। इंडस्ट्री में इसे कॉमेडी फ्रेंचाइज का अब तक का सबसे महंगा और टेक्निकली चैलेंजिंग पार्ट है।

### तान्हाजी 2 पर भी प्लानिंग जारी, रोहित करेंगे सिम्बा 2 या सूर्यवंशी 2 पर फोकस

गोलमाल 5 की रिलीज के बाद रोहित शेट्टी का पूरा फोकस अपने बहुचर्चित कॉप यूनिवर्स के अगले चैप्टर पर होगा। चर्चा है कि 2027 में सिम्बा या सूर्यवंशी के अगले भाग पर काम शुरू हो सकता है। वहीं अजय भी अपनी ऐतिहासिक फिल्म तान्हाजी 2 को लेकर शुरुआती स्तर पर प्लानिंग कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट ओम राउत ने निर्देशित किया था। फिलहाल यह साफ नहीं है कि इस बार भी ओम ही निर्देशन करेंगे या नहीं।



## राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 और टॉक्सिक के क्लैश को लेकर किया पोस्ट

**राम गोपाल वर्मा ने हाल ही में आदित्य धर की फिल्म धुरंधर की तारीफ की थी। वहीं आज राम गोपाल वर्मा ने यश की फिल्म टॉक्सिक और रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की एक ही दिन में रिलीज को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। निर्देशक ने इसे धुरोक्सिक नाम देते हुए दोनों फिल्मों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।**

### कैसा होगा दो फिल्मों का टकराव?

राम गोपाल वर्मा ने रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 और यश की फिल्म टॉक्सिक के बीच 19 मार्च 2026 को होने वाले बड़े बॉक्स ऑफिस टकराव पर अपनी राय दी है। उन्होंने एक्स पर अपनी राय शेयर की है। निर्देशक ने इसे मजेदार नाम दिया है- धुरोक्सिक। निर्देशक ने लिखा कि यह सिर्फ दो फिल्मों की रिलीज का टकराव नहीं, बल्कि यह भारतीय सिनेमा का प्रलय का दिन होगा।

### कैसी होगी धुरंधर 2

राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर 2 को लेकर लिखा, धुरंधर 2 एक यथार्थवादी सिनेमा है। इसमें कहानी असली जिंदगी पर आधारित है। हिंसा इसलिए होती है क्योंकि जरूरत है, न कि सिर्फ दिखावे के लिए। हीरो एक आम इंसान है, जो वक्त आने पर गलती कर सकता है, घायल हो सकता है और हार भी सकता है। फिल्म दर्शकों को भावनाओं से जोड़ती है।

### टॉक्सिक को लेकर राय

वहीं कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक को लेकर राम गोपाल वर्मा ने लिखा, यह बहुत अवास्तविक फिल्म है क्योंकि इसमें स्टाइल और कूलनेस पहले आती है और लॉजिक बाद में। हिंसा सिर्फ एटीट्यूड दिखाने के लिए है। हीरो बुलेटप्रूफ है, कभी हारता नहीं, दुनिया उसकी पूजा करती है। फिल्म दर्शकों को सिर्फ एक्साइटमेंट देना चाहती है, गहरी भावनाएं नहीं। कैमरा हीरो को भगवान जैसा दिखाने की कोशिश करता है।

### 19 मार्च को होगा फिल्मों का फैसला

19 मार्च को धुरंधर 2 और टॉक्सिक रिलीज के बाद कई सवालों का जवाब देंगी। राम गोपाल वर्मा ने लिखा, क्या आज भी लोग अंधेरे, स्लो-मोशन में चलने वाले हीरो को पसंद करेंगे? या फिर सिर्फ तमाशा दिखाने वाली हिंसा को लोग स्वीकार करेंगे? उन्होंने आगे लिखा, दोनों फिल्में साथ देखना ऐसा होगा जैसे एक तरफ युद्ध का मैदान हो और दूसरी तरफ फैशन शूट। एक फिल्म (धुरंधर) दिल को छूती है और दूसरी (टॉक्सिक) सिर्फ कैमरे के लिए पोज देती है।

### सच्चाई और स्टाइल में किसकी होगी जीत?

राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, दोनों फिल्मों के बीच जो टकराव है, वो सच्चाई और स्टाइल को लेकर है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, इससे शायद दक्षिण भारतीय फिल्मों वाली नायक पूजा (हीरो को भगवान बनाने की परंपरा) का अंत शुरू हो सकता है। दर्शक अब भगवान नहीं, बल्कि आम इंसान वाला हीरो चाहते हैं। या फिर उल्टा भी हो सकता है।









# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

**दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा व्यायाम है। जिस प्रकार 12 राशियां, 12 महीने होते हैं, उसी प्रकार सूर्य नमस्कार भी 12 स्थितियों से मिलकर बना है। कोविड महामारी के समय में आप सूर्य नमस्कार को अपना कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं-**

सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन 12 स्थितियों में किया जाता है, आइए जानें–

- दोनों हाथों को जोड़कर सीधे खड़े हों। नेत्र बंद करें। ध्यान 'आज्ञा चक्र' पर केंद्रित करके 'सूर्य भगवान' का आह्वान 'ऊँ मित्राय नमः' मंत्र के द्वारा करें।
- श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कानों से सटाते हुए ऊपर की ओर तानें तथा भुजाओं और गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान को गर्दन के पीछे 'विशद्धि चक्र' पर केन्द्रित करें।
- श्वास को धीरे–धीरे बाहर निष्कासित करते हुए दाएं पैर को भी पीछे ले जाएं। दोनों पैरों की एड़ियां परस्पर मिली हुई हों। पीछे की ओर शरीर को खिंचाव दें और एड़ियों को पृथ्वी पर मिलाने का प्रयास करें। नितम्बों को अधिक से अधिक ऊपर उठाएं। गर्दन को नीचे झुकाकर ठोड़ी को कण्ठकूप में लगाएं। ध्यान 'सहस्त्रार चक्र' पर केन्द्रित करने का अभ्यास करें।
- श्वास भरते हुए शरीर को पृथ्वी के समानांतर, सीधा साष्टांग दण्डवत करें और पहले घुटने, छाती और माथा पृथ्वी पर लगा दें। नितम्बों को थोड़ा ऊपर उठा दें। श्वास छोड़ दें। ध्यान को 'अनाहत चक्र' पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य करें।
- इस स्थिति में धीरे–धीरे श्वास को भरते हुए छाती को आगे की ओर खींचते हुए हाथों को सीधे कर दें। गर्दन को पीछे की ओर ले जाएं। घुटने पृथ्वी का स्पर्श करते हुए तथा पैरों के पंजे खड़े रहें। मूलाधार को खींचकर वहीं ध्यान को टिका दें।
- यह स्थिति – पांचवीं स्थिति के समान
- यह स्थिति – चौथी स्थिति के समान
- यह स्थिति– तीसरी स्थिति के समान

# लाइफस्टाइल बदल डाली तो ऐसे बढ़ेगी इम्युनिटी




**इम्युनिटी कमजोर होने में खराब जीवनशैली का बड़ा हाथ है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि शरीर पर बाहरी माइक्रोऑर्गेनिज्म के होने वाले हमलों के खिलाफ इम्यून सिस्टम पहली डिफेंस लाइन मानी जाती है। जितनी तगड़ी इम्युनिटी होगी उतने ही बीमारी पकड़ने के अवसर क्षीण होते जाएंगे। खराब जीवनशैली से इम्यून सिस्टम की डिफेंस में छेद होने लगता है।**

## खराब जीवनशैली

यदि आपके पास ठीक से खाना खाने और भरपूर नींद लेने का वक्त नहीं हो तो समझ लें कि आपकी जीवनशैली खराब है जो आपके इम्यून सिस्टम को तेजी से कमजोर कर रही है। यह ठीक है कि आधुनिक जीवनशैली में वर्क प्रेशर इतना अधिक है कि उसका शरीर पर खराब असर पड़ रहा है लेकिन प्रेशर रहने के बावजूद भी स्वस्थ रहने के लिए प्रयत्न किया जा सकता है।

## कब हुई थीं सालाना जांचे?

30 साल की उम्र हो जाने के बाद शरीर की नियमित जांचें कराना बेहद जरूरी है। इन दिनों अत्यधिक तनाव झेलने के कारण कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर अथवा शुगर की बीमारियां जड़ पकड़ लेती हैं। यह देखा गया है कि शुरूआती जांचों में ही कई बार लंबी बीमारियों की जड़ पकड़ में आ जाती है।

## टाइम निकालें

खुद के लिए समय निकालें। यदि काम के घंटे फिक्स नहीं हैं तो वर्क स्टेशन को ही वर्कआउट के लिए सेट कर लें। काम के दौरान थोड़ी–थोड़ी देर में ब्रेक लेते रहें और शारीरिक गतिविधियां



# एंटीबायोटिक ज्यादा लेने से कमजोर हो सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जब भी हमें छोटी–मोटी सेहत समस्या, हल्का सा दर्द व घाव आदि होता है तो हमारा शरीर उसे अपने आप ठीक करने में भी सक्षम होता है। लेकिन कई लोग जरा सी भी परेशानी होने पर अत्यधिक एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से है तो आइए, आपको बताते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर होने से बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- एंटीबायोटिक – हममें से कई लोगों की आदत होती है, एंटीबायोटिक्स दवाओं का अत्यधिक सेवन करना। लेकिन गैरजरूरी समय पर इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है। अत्यधिक जरूरत के समय ही एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करें।
- औषधियां – जब भी आप वायरल या शारीरिक दर्द महसूस करें, ऐसी आयुर्वेदिक या घरेलू औषधि अपने साथ रखें जो प्रतिरोधकता बनाए रखती हैं।
- नींद – पर्याप्त नींद न होना आपके दिमाग और शरीर को बेवजह थकावट देता है और आपकी प्रतिरोधकता भी कम होती है। हर दिन 8 घंटे की नींद आपको स्वस्थ और खुशगवार रखने में सहायक है।
- शुगर – शकर खाने से मनाही नहीं है, लेकिन अतिरिक्त शर्करा से भरे खाद्य पदार्थ जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक, जूस व अन्य पदार्थों से दूरी बनाएं। यह आपकी सेहत का पूरा हिसाब गड़बड़ कर देंगे, और प्रतिरोधकता में कमी भी।
- धूप है जरूरी – त्वचा को अगर धूप से बचाते हैं, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। बल्कि धूप लेना प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए पर्याप्त धूप लेने का नियम बनाएं।
- जिंक – जिंक की पर्याप्त मात्रा का सेवन भी प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने का एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए अलग से जिंक की गोलियां खाने के बजाए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जिनसे आपको नैचुरल जिंक प्राप्त हो।
- पत्तेदार सब्जियां – पत्तेदार सब्जियां या फिर सलाद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन खूब करें। इनसे प्राप्त होने वाले एंजाइम्स आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं और हर तरह का पोषण प्रदान करते हैं, जिसकी आपको जरूरत है।

